इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत


दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमला: 6 प्रवासी मजदूरों की गोली मारकर हत्या, सेना ने शुरू किया ऑपरेशन




श्रीनगर। गांदरबल में सोनमर्ग के पास गगनगीर इलाके में जेड मोड़ सुरंग निर्माण कर रही कंपनी में कार्यरत प्रवासी मजदूरों पर रविवार की रात आतंकियों ने हमला कर दिया। हमले में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर घायल हैं। हमला एक निर्माणाधीन सुरंग के पास हुआ है। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर सुरक्षा बल हमले वाली जगह पर पहुंच गए हैं और इलाके की घेराबंदी कर ली है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जिन श्रमिकों पर हमला किया गया, वे जेड मोड़ सुरंग पर काम कर रहे थे। यह सुरंग गगनेर को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग से जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि मजदूर की पहचान अशोक चौहान के रूप में हुई और वह अनंतनाग के संगम इलाके में रहता था। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 'निहत्थे और निर्दोष लोगों' पर हमले की कड़ी निंदा की और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷सोनमर्ग क्षेत्र के गगनगीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमले की बहुत दुखद खबर है। ये लोग क्षेत्र में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना पर काम कर रहे थे। आतंकवादी हमले में 6 लोग मारे गए हैं और 2-3 अन्य घायल हुए हैं। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर हुए इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### सेना ने इलाके में की घेराबंदी

घटना के बाद मौके पर पहुंचे सुरक्षा बलों और सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। अब आतंकियों को खोजने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं मृतकों के शवों को अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### गडकरी ने की हत्या की निंदा

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में प्रवासी मजदूरों पर हुए 'भयानक' आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने जिले के गुंड इलाके में एक सुरंग के निर्माण पर काम कर रहे एक निजी कंपनी के मजदूरों के शिविर पर गोलीबारी की।

### उमर अब्दुल्ला ने जताया दुख

गगनगीर में गैरस्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमले की बेहद दुखद खबर है। मैं निर्दोष लोगों पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### दिल्ली के रोहिणी में ब्लास्ट : आसपास के घरों के टूटे शीशे

नई दिल्ली। दिल्ली के रोहिणी स्थित प्रशांत विहार इलाके में आज रविवार सुबह-सुबह तेज धमाका हुआ है। यह धमाका केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्कूल की दीवार के पास हुआ। धमाके की आवाज सुनाई देने के बाद से ही इलाके में अफरा तफरी का माहौल है। घटना की सूचना पाते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है। मामले की जांच की जा रही है। प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल के पास विस्फोट स्थल पर तलाशी अभियान चलाने के लिए एनएसजी कमांडो की टीम पहुंची। एनएसजी कमांडो विस्फोट स्थल पर तलाशी अभियान चला रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, रोहिणी स्थित प्रशांत विहार इलाके में रविवार को धमाके की तेज आवाज सुनाई दी। धमाके की सूचना पाते ही पुलिस टीम और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। धमाका इतनी तेज था कि आसपास के घरों और गाड़ियों की शीशे तक टूट गए।

## मां महामाया एयरपोर्ट का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ, बोले- पहले देश में 70 एयरपोर्ट थे, अब हैं 150 से ज्यादा



अंबिकापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ की लागत से बने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा अंबिकापुर का वर्चुअल शुभारंभ किया। वे शाम 5 बजे से बनारस से लाइव जुड़े थे। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले देश में 70 एयरपोर्ट थे, अब 150 से ज्यादा एयरपोर्ट हैं। जो पुराने एयरपोर्ट हैं, उनका भी रिनोवेशन हो रहा है।

### जब गति होगी तो प्रगति अवश्य होगी

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि मां महामाया एयरपोर्ट की उड़ान नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। यहां से हवाई सेवा प्रारंभ होने से विकास की नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने जो सपना देखा था कि एक चप्पल वाला भी हवाई जहाज से सफर करेगा, वह सपना अब साकार होता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ का सरगुजा दूसरा आदिवासी बहुल इलाका है। यहां विकास की गति अब धीरे-धीरे बढ़ रही है। आज सरगुजा की धरती के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। सरगुजा जिले में मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण विकास की नई दिशा में एक बड़ा कदम है। जब गति होगी तो प्रगति अवश्य होगी।

### लोग आसानी से कर सकेंगे हवाई सफर

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि आज दरिमा की पावन धरती पर मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण हुआ। यह परम सौभाग्य की बात है। यह गौरवशाली पल प्रधानमंत्री की एक बड़ी उपलब्धि है। अब यहां के भी लोग हवाई सफर आसानी से कर सकेंगे। प्रधानमंत्री ने हवाई सफर का जो सपना देखा था वह अब धीरे-धीरे पूर्ण होता जा रहा है। प्रदेश व देश में डबल इंजन की सरकार होने के कारण विकास में गति मिल रही है। मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा अंबिकापुर के लोकार्पण समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, आदिम जाति कल्याण एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, संसदीय क्षेत्र सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोसकर व पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल उपस्थित रहे।

## 'जब समाधान नहीं मिला तो भगवान के सामने बैठ गया', सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताई राम जन्मभूमि फैसले की कहानी



पुणे। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को अयोध्या भूमि विवाद के समाधान को लेकर संस्मरण साझा किया। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर फैसला सुनने से मैंने भगवान से प्रार्थना की थी। मुझे पूरा विश्वास था कि भगवान इसका कोई रास्ता ढूंढेंगे। ऐसा ही हुआ।

पुणे स्थित अपने पैतृक गांव कन्हेरसर में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने गांव के लोगों से कई यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि कई बार हमारे पास ऐसे मामले होते हैं, जिनके फैसले को लेकर हम किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसा ही हमारे साथ अयोध्या राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर हुआ था। जो तीन महीने तक मेरे सामने था। इसके फैसले को लेकर मैं भगवान के सामने बैठा और प्रार्थना की। मैनें भगवान से कहा कि मामले में सही समाधान ढूंढने की जरूरत है। सीजेआई ने कहा कि अगर आपके पास विश्वास है तो भगवान हमेशा आपको रास्ता खोजकर देंगे। इसलिए मैं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा के 99 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी, फडणवीस को नागपुर दक्षिण से टिकट



मुंबई। भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने पहले 99 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं, जिनमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी भी शामिल हैं।महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली लिस्ट में 13 महिला उम्मीदवार, अनुसूचित जनजाति के छह उम्मीदवार और अनुसूचित जाति के चार उम्मीदवारों को मौका दिया गया है।

### अशोक चव्हाण की बेटी को मिला टिकट

देवेंद्र फडणवीस बीजेपी का अहम चेहरा हैं। आम तौर पर फडणवीस नागपुर से चुनाव लड़ते रहे हैं। वहीं, अशोक चव्हाण की बेटी का श्रीजया अशोक चव्हाण का नाम इस सूची में होना ध्यान खींच रहा है, क्योंकि यह परिवार कांग्रेस के साथ लंबे समय से जुड़ा रहा है। इस कदम से बीजेपी ने एक बड़ा राजनीतिक संकेत दिया है, जो पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा का विषय बन गया है। बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटों के लिए चुनाव 20 नवम्बर को होगा और नतीजों का ऐलान 23 नवम्बर को किया जाएगा।

### पार्टी ने युवा चेहरों को दिया है मौका

यह सूची आगामी महाराष्ट्र चुनावों के लिए बीजेपी की रणनीति का एक अहम हिस्सा है और यह दिखाता है कि पार्टी ने कई युवा और अनुभवी चेहरों को चुनाव मैदान में उतारने की योजना बनाई है। इस लिस्ट में कई युवा चेहरों को मौका दिया गया है। बता दें कि पार्टी लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। ऐसे में पार्टी विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर कब्जा करने की जद्दोजहद कर रही है।

### इन उम्मीदवारों को मिला मौका

उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस नागपुर साउथ वेस्ट से, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ममता सरकार से बैठक के लिए तैयार आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर, लेकिन भूख हड़ताल खत्म करने की शर्त ठुकराई



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों से अपील की थी कि वह अपनी भूख हड़ताल को खत्म करें। ममता ने दावा गकिया था कि उनकी ज्यादातर मांगें मान ली गई हैं। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों की राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को नहीं माना गया।

पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म-हत्या मामले में राज्य सरकार और डॉक्टरों के बीच टकराव बना हुआ है। दरअसल, डॉक्टर लगातार सुरक्षा और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि, सरकार की तरफ से कुछ मामलों में प्रतिक्रिया न आने और अन्य मांगों को नकारे जाने के चलते डॉक्टरों ने प्रदर्शन जारी रखा है। इस बीच जूनियर डॉक्टरों ने कहा है कि वह सोमवार को बंगाल सरकार के साथ मांगों को लेकर बैठक में शामिल होंगे, लेकिन भूख हड़ताल पर फैसला इस बैठक के नतीजों के बाद ही होगा।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों से अपील की थी कि वह अपनी भूख हड़ताल को खत्म करें। ममता ने दावा गकिया था कि उनकी ज्यादातर मांगें मान ली गई हैं। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों की राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को नहीं माना गया। चिकित्सक स्वास्थ्य सचिव निगम को हटाने के अलावा चिकित्सा महाविद्यालयों में चुनाव कराने की भी मांग कर रहे हैं।

बंगाल के जूनियर डॉक्टरों की सामान्य निकाय की बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टर देबाशीष हल्दर ने कहा, ÷हम बैठक में हिस्सा लेंगे, लेकिन उससे पहले भूख हड़ताल (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## शादी की खुशियों को लगा ग्रहण, एक ही पल में 12 लोगों की मौत : आठ बच्चे शामिल, मची-चीख पुकार



धौलपुर। खबर राजस्थान के धौलपुर जिले से है। देर रात हुए सड़क हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय अधिकतर सवारियां गहरी नींद में थीं। दरअसल देर रात धौलपुर जिले में बस और टैंपो में जोरदार भिडंत हुई है। जिन लोगों की मौत हुई है वे लोग शादी समारोह से से देर रात लौट रहे थे।

धौलपुर जिला पुलिस के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुट गए। स्थानीय लोग भी मदद करते रहे। भीषण सड़क हादसा बाड़ी सदर थाना इलाके में होना सामने आया है। पुलिस ने बताया कि सुनीपुर के नजदीक यह हादसा हुआ है। गांव के नजदीक से होकर गुजरने वाले एनएच11बी पर एक स्लीपर कोच बस ने टैंपो को टक्कर मारी। बताया जा रहा है कि हादसे में आठ बच्चों की मौत हुई है और तीन अन्य लोग भी जान गवां बैठे हैं। इसके अलावा तीन अन्य लोगों की हालत बेहद गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी में गुमट मोहल्ला में रहने वाले नहनू एवं जहीर के परिवार के साथ यह हादसा हुआ है। वे लोग बरौली गांव अपने रिश्तेदारों के यहां गए थे और उसके बाद भात कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान परिवार की महिलाएं और बच्चे एक टैंपो में सवार थे और घर के लिए रवाना हो गए थे। देर रात घर पहुंचने से पहले ये हादसा हो गया। हादसे में आठ बच्चों के अलावा दो महिलाएं एक पुरुष भी शामिल हैं। शवों को मुर्दाघर में रखवाया गया है।

## बहराइच हिंसा : हाईकोर्ट ने दी राहत, 23 अक्तूबर के पहले नहीं चल सकेगा बुलडोजर, मानने होंगे सुप्रीम कोर्ट के नियम



लखनऊ। बहराइच हिंसा के आरोपियों के घर बुलडोजर अभी फिलहाल 23 अक्तूबर तक नहीं चल सकेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को इन घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया था। इसमें सभी को तीन दिन का समय दिया गया था। एआर मसूदी और सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट की जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 23 अक्तूबर तक इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद यह फैसला लिया जाएगा।

डर में बीता पूरा दिन

महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में रविवार को पूरा दिन बुलडोजर कार्रवाई के डर में बीता। दिन भर लोग बुलडोजर चलने की आशंका में सहमे रहे हालांकि प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को लोग जहां खुद दुकान व मकान तोड़ते दिखे थे तो वहीं रविवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। विगत 13 अक्तूबर को दुर्गापूजा के दौरान पत्थरबाजी व रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड की घटना के बाद से महराजगंज कस्बे में सन्नाटा अभी भी पसरा है। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित 23 लोगों के घरों पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)















# डॉ. रमन सिंह बोले- राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं है, जो लिखकर दिए वही पढ़ते देते हैं



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं है। उनको जो लिखकर देते हैं, वह पढ़ देते हैं। दरअसल, रांची में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई मुद्दों पर बीजेपी को घेरने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि आदिवासी देश के पहले मालिक थे, भाजपा इन्हें वनवासी कहती है। इस बयान को लेकर डॉ. रमन सिंह ने पलटवार किया है।

रांची में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में दिए गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर डॉ. रमन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी के पास जवाब है क्या अबूझमाड़ को अबूझमाड़ किसने बनाया है। अबूझमाड़ को सभ्यता के दौड़ से अलग करने का काम कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने 50 सालों तक छत्तीसगढ़ के कई भू-भाग सड़क, पानी बिजली जैसे कई सुविधाओं से उपेक्षित रखा। टोडरमल के बाद अंग्रेजों के ?माने में सर्वे नहीं हुआ, अब भाजपा की सरकार आने के बाद सर्वे हो रहा है। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं है, उनको जो लिखकर देते हैं, वह पढ़ देते हैं।

दूसरी ओर नारायणपुर आईईडी विस्फोट में दो जवान बलिदान होने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया है और हमें काफी सफलता मिल रही है, क्योंकि बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया हो रहा है। यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में विधानसभा उपचुनाव पर उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से जनता बड़ी संख्या में भाजपा उम्मीदवार को वोट देगी। उन्होंने कहा कि सुनील सोनी ने रिकॉर्ड मतों से सांसद का चुनाव जीता था और अब वह रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतने वाला विधायक बनेंगे। कांग्रेस कोई भी प्रत्याशी को टिकट दे फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा की जनता सुनील सोनी को प्रचंड मतों से जीतने जा रही है।

## मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन, सीएम विष्णुदेव साय बोले- यह ऐतिहासिक क्षण

अम्बिकापुर। देश का दूरस्थ आदिवासी बहुल अंचल छत्तीसगढ़ का सरगुजा जिला अब हवाई सेवा से जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा, अम्बिकापुर का वर्चुअल उद्घाटन कर सरगुजा और इसके आसपास के जिलों को हवाई यात्रा की सुविधा का तोहफा दिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के एयरपोर्ट में विकसित की जा रही आधुनिक से आधुनिक सुविधाएं अब दुनिया में चर्चा का विषय बन गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन सरगुजा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह केवल हवाई यात्रा को सुगम बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि हमारे आदिवासी समुदाय और दूरदराज के क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिले भर में एम.सी.पी. लगाकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 48 प्रकरणों में 14,600 रूपये की वसूली जुर्माना राशि**

**संबंधितों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही**

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों पुलिस द्वारा जिले भर में एम सीपी लगाकर धड़ल्ले से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान 48 प्रकरणों में 14,600 रुपए का जुर्माना कर संबंधितों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बताया जाता है कि शनिवार 19 अक्टूबर की रात्रि 8 से 12 बजे तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चेकिंग की गई। इस क्रम में थाना लालबाग, सोमनी, घुमका, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, गैंदाटोला, छुरिया, बोरतलाव एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़, सुरगी, चिचोला, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भी वाहनों का चेकिंग किया गया।इस दौरान संदिग्ध वाहनों और लोगों की भी तलाशी ली गई। इसके लिए सघनता व सतर्कता के साथ चेकिंग करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। इसके तहत ही उक्त कार्रवाई की गई।

बताया जाता है कि कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाये रखने के लिये चलाए जा रहे इस चेकिंग अभियान में यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा 19 अक्टुबर को रात्रि 8 से 12 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालो के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

## हाथ में झाड़ू लेकर गुरुवार को सिंदई पहुंचे पार्षद राजेश गुप्ता चंपू, क्षेत्र में की साफ-सफाई



**0 वार्ड की महिलाएं स्वस्फूर्त होकर स्वच्छता ही सेवा संकल्प अभियान में हाथ बटाया**

**0 स्वच्छता ही सेवा संकल्प जागरूकता अभियान सभी वार्डों में निरंतर चलेगा-चंपू**

राजनांदगांव (दावा)। देश में भले ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान समाप्त हो गया है लेकिन इंदिरा नगर वार्ड नंबर 41 के पार्षद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एसी विभाग डोंगरगढ़ एवं बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा प्रभारी राजेश गुप्ता चंपू अपने हाथ में झाड़ू लिए बगैर किसी तामझाम के संस्कारधानी नगरी को चमकाने निकल पड़े हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को अपने स्वयं के व्यय से गठित स्वच्छता ही सेवा संकल्प अभियान की टीम को लेकर राजेश गुप्ता चंपू शहर के सिंगदई वार्ड में पहुंचे तथा उक्त वार्ड के विभिन्न हिस्सों में लग गए साफ-सफाई करने, जब क्षेत्र के लोगों को जानकारी मिलने पर कि एक पार्षद स्वयं हाथ में झाड़ू लिए हमारे क्षेत्र की में स्वच्छता अभियान में स्वयं के खर्चे से स्वच्छता ही सेवा अभियान को गति प्रदान करते हुए सफाई व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

बस क्या था वार्ड की जागरूक महिलाओं सर्व श्रीमती नूतन देवांगन, धनेश्वरी साहू, पार्वती देवांगन, रामेश्वरी निषाद, कविता मानिकपुरी, रामबाई निषाद सहित बहुत सी सक्रिय महिलाओं ने पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के साथ स्वस्फूर्त होकर संकोच छोड़कर सिंदई के आसपास क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था में भीड़ गई। क्षेत्रीय महिलाओं ने कहा कि वाकई हाथ में झाड़ू थामकर, घर के अंदर साफ-सफाई करने पुरुष जैसे-तैसे मदद करतें हैं पर आज तो वाकई आश्चर्य हुआ कि इंदिरा नगर वार्ड नं.41 के पार्षद राजेश गुप्ता चंपू हाथ में झाड़ू लिए हमारे क्षेत्र में ही सफाई अभियान व्यवस्था में भीड़ कर अपना असाधारण योगदान प्रदान कर रहें हैं वह वाकई तारीफें काबिल है। महिलाओं ने कहा कि इंदिरा नगर वार्ड वाले बड़ ही खुशकिस्मत है कि उनको ऐसा जनप्रतिनिधि मिला।

बहरहाल अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कहा कि वे 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर स्वच्छता ही सेवा का संकल्प का जो प्रण किया है, उसे बीच में न छोड़कर नगर के पूरे हिस्से में यह अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज हमारे सेवा ही स्वच्छता ही संकल्प अभियान लोग स्वस्फूर्त होकर जुड़ रहें। यह हमारे द्वारा चलाए गए अभियान की सफलता है। यह जागरूकता स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# जिले के सभी ग्रामों में बनाया गया स्वच्छता त्यौहार

**जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह की महिलाएं तथा ग्रामीणों ने की गांव की साफ-सफाई**



राजनांदगांव (दावा)। जिले में स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने के लिए तथा स्वच्छता के प्रति निरंतरता बनाए रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन, घर-घर कचरा एकत्रित करने, एसएलडब्ल्यूएम में कचरा का पृथककरण करने का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत खुज्जी में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह के महिलाएं, स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और ग्राम के बाजार चौक सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों की साफ-सफाई की। ग्राम पंचायत द्वारा दुकानदारों से कचरा के व्यवस्थित निपटान हेतु अनुबंध पत्र दिया गया तथा कचरा स्वच्छता दीदी को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुयश नाहटा, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया नवीन कुमार, एसीईओ होरीलाल साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी देवेंद्र कुमार, ब्लॉक समन्वयक सुश्री मेघा कुर्रे, ब्लॉक समन्वयक विजय देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी समूह के महिलाएं एवं ग्रामीणजनों ने साफ-सफाई की।

इसी तरह जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारपुर, कुमरदा, बडगांव, उमरवाही, मासूलकसा, घोरतालाब, बादराटोला एवं अन्य ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। जिसमे स्वच्छाग्राही द्वारा ग्राम की साफ-सफाई की गई। दुकान, ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर अपने दुकान के आसपास की नियमित साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया। सीईओ जनपद पंचायत छुरिया ने ग्राम पंचायत रंगीटोला में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर स्वच्छाग्राही दीदीयों व ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम की साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत से लगे राष्ट्रीय राजमार्ग के ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर दुकान के आसपास नियमित साफ-सफाई रखने एवं कचरा के लिए डस्टबिन का उपयोग करने तथा ग्राम पंचायत को स्वच्छता शुल्क देने के लिए कहा गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत देवादा में स्वच्छता त्यौहार का आयोजन कर गांव की साफ-सफाई की गई। बिहान की महिला समूहों को प्लास्टिक कचरा नहीं जलाने, प्लास्टिक झिल्ली, पाउच से खाली प्लास्टिक बॉटल में पॉलीथिन भरकर ईको ब्रिक्स बनाने कहा गया। स्वच्छताग्राहियों को घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने कहा गया तथा गांव को स्वच्छ रखने के लिए समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। अनुबंध करने वाले ढाबा संचालकों और दुकानदारों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छताग्राही को कचरा नहीं देने वाले ढाबा संचालक एवं दुकानदारों को अनुबंध करने एवं कचरा बाहर नहीं फेकने तथा स्वच्छताग्राही को ही कचरा देने निर्देश दिया गया। स्वच्छता त्यौहार में सीईओ जनपद राजनांदगांव मनीष साहू, उप अभियंता श्रीमती मंजूषा सोनी, विकासखंड समन्वयक नंदकिशोर साहू सहित जनप्रतिनिधि, सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छताग्राही, समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## सुकमा में नक्सलियों का खूनी खेल, मुखबिर होने के शक में ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के किस्टाराम थानाक्षेत्र के मेटगुड़ा गांव में नक्सली एक ग्रामीण मड़कम आंदा को उठाकर ले गए। मड़कम आंदा पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए नक्सलियों ने उसकी हत्या कर दी। इस घटना की पुष्टि सुकमा जिले के एएसपी आकाश राव ने की है।

जानकारी के अनुसार मड़कम आंदा की हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी आकाश राव ने बताया कि मृतक के परिवार वालों से बातचीत की जा रही है और घटना की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने मड़कम आंदा पर मुखबिरी का आरोप लगाया इसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी। इतना ही नहीं घटना के बाद नक्सलियों ने पुलिस प्रशासन का साथ नहीं देने के लिए स्थानीय लोगों को धमकी भी दी। पुलिस इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# झेरिया धोबी समाज का जिला स्तरीय कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न



**0 समाज में एकजुटता बनाए रखने एवं सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा**

**0 जिले के समस्त परिक्षेत्र सहित जिला पदाधिकारी हुए सम्मिलित**

राजनांदगांव (दावा)। जिला झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव की बैठक शांतिपूर्वक चिखली वार्ड नंबर 5 दीनदयाल नगर स्थित जिला सामाजिक भवन में रविवार को संपन्न हुआ है। बैठक के पूर्व भगवान शिव की पूजा अर्चना कर फूल माला चढ़ाया गया। तत्पश्चात सामाजिक पदाधिकारियों एवम् कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया है। जिला रजक (धोबी) समाज राजनांदगांव की अध्यक्षता डॉक्टर एल आर निर्मलकर जिला अध्यक्ष राजनांदगांव के सानिध्य में सभी पदाधिकारी एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष सचिव तथा सभी स्वजातीय बंधुओ और भाइयों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई।

जिला झेरिया धोबी समाज की बैठक में मुख्य रूप से समाज को एकजुट कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। वहीं आगामी दिवस पर दीपावली पर्व है जिसके तहत जिला स्तर पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने पर चर्चा की गई।

समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकार ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाए रखें और समस्त परिक्षेत्र सहित जिले में किसी भी तरह की समस्या आए तो जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को उससे अवगत कराए जिससे उसका समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समस्त स्वजातिय बंधु समाज से जुड़े एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेवे जिससे समाज और भी मजबूत बनेगा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधि का मकसद किसी सामाजिक समस्या या ज़रूरत का समाधान करना और सामाजिक प्रभाव पैदा करना होता है। समाज के युवाओं के लिए कहा कि सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा से छात्रों को अपनी भावनाओं को समझने और प्रबंधित करने, सकारात्मक संबंध बनाने, और ज़िम्मेदार फ़ैसले लेने में मदद मिलती है। समाज कार्य एक व्यवसायिक सेवा है यह समस्याग्रस्त लोगों को मदद देने का काम करता है। समाज कार्य, समजिक विज्ञान है और यह वैज्ञानिक और क्रमबद्ध ज्ञान की प्रणालियों पर आधारित है। जिलाध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकार ने बैठक को सफल बनानें के लिए समस्त परिक्षेत्र सहित जिला पदाधिकारियों को उनके सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया है।

बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनवानी, जिला सचिव रोहित निर्मलकर, गोपीराम रजक रामनाथ निर्मलकर, युवा अध्यक्ष मुकेश निर्मलकर, जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक, मधु निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, नंदकुमार रजक, पंथराम, सुभाष निर्मलकर, देवनाथ राम, सुदर्शन निर्मलकर, गेंदाटोला अध्यक्ष दिलीप निर्मलकर, दीपचंद रजक सचिव गेंदाटोला, सुरेश निर्मलकर टेकहरदी, कृष्ण रजक लाल बहादुर शास्त्री नगर, गरीबा, कमलेश निर्मलकर डोंगरगढ़, कृष्ण रजक डोंगरगढ़, मीना रजक, भारती रजक, लक्ष्मीनाथ रजक, लाल बहादुर नगर, किशन निर्मलकर, शिव निर्मलकर, राजू निर्मलकर खैरागढ़, नील निर्मलकर परिक्षेत्र अध्यक्ष, हरीश निर्मलकर खुटेरी, किशन लाल निर्मलकर पुराना ढाबा, हीरालाल निर्मलकर पुराना ढाबा सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

# नाबालिग को अपहृत करने वाला आरोपी पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार




**पुलिस ने अपहृता को आरोपी के कब्जे से किया बरामद**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लालबाग थाना क्षेत्रांतर्गत सुकुलदैहान चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र मे एक नाबालिग लड़की के अपहरण करने वाले आरोपी को धरदबोचा है और उसके चंगुल से नाबालिग को छुड़ा लाया है। इस अपराध के लिए पुलिस ने आरोपी को धारा 137(2), 64(2) (ड ) बीएनएस. 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। नाबालिग लड़की को अपहृत करने वाले आरोपी का नाम परमानन्द चंदेल पिता सूबेदास चंदेल उम्र 24 साल निवासी ग्राम गातापार पुलिस चौकी सुकुलदैहान बताया जाता है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी राकेश कुमार मन्नाडे ने बताया कि गत 10 सितंबर को प्रार्थी चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 09.09.2024 को दोपहर लगभग 01ः00 बजे घर के सभी लोग बैंक के काम से यूनियन बैंक सुकुलदैहान गए हुए थे घर मे इनकी नाबालिग बेटी उम्र 17 साल 10 माह थी जिसे घर से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसलाकर भगा ले गया है। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 386/24 धारा 137(2), बीएनएस0 कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसपर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित किया गया और अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतू टीम लगातार संभावित स्थानो पर जाकर दबिश दे रहा था । इसी तारतम्य मे शनिवार 19 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी के घर ग्राम गातापार से आरोपी परमानन्द के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नाबालिक अपहृता को बहला फुसलाकर अपने साथव भगा ले गया था और अपहृता का पूर्व से शादी का प्रलोभन देकर लगातार दैहिक शोषण करता रहा जिससे नाबालिक पीड़िता 09 माह की गर्भवती हो गयी आरोपी एवं अपहृता से पूछताछ मेडिकल मुलाहिजा रिपोर्ट एवं विवेचना पर प्रकरण मे धारा 64(2)(ड ) बीएनएसओ, 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया आरोपी द्वारा धारा 137(2), 64(2)(ड ) बीएनएस0,4 ,6 पाक्सो एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी को रविवार 20 अक्टूबर को विधिवत् गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे न्यायालय के आदेश पर जिला जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

## बसंता गड़े का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। पुराना बस स्टैंड वार्ड नम्बर-1 निवासी 75 वर्षीय बसंता गड़े का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को निवास स्थान से निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिजन, मोहल्लेवासी, सामाजिकजन शामिल हुए। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे एक पुत्री एक पुत्र छोड़ गई।

**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।


-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
ता. 25 से स्त्री-2 | रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
छत्तीसगढ़ी भाषा में
दस्तावेज
कलाकार - अनील सिन्हा, सुमन पटनायक आदि।




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
21st OCT to 24th OCT 2024




Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Jigra (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Vettaiyan (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202410092200002**

विषयः-अ-6 अ मामले की श्रेणी राजस्व सनः- 2024-2025
कातलवाही (प.ह.न.00018),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -संतुदास
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक संतुदास आ. मंगलदास जाति सतनामी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम कातलवाही प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. बेलगाँव स्थित खाता क्रमांक 152 में ख.न. क्रमशः 52, 53, 69/1, 71, 168, 233, 246, 253, 310, 427, 428/2, 494, 514, 531,557 रकबा क्रमशः 0.0650, 0.0610, 0.3730, 0.7850, 1.2220, 0.0810, 1.0360, 0.7930, 0.0400, 0.0360, 0.0450. 0.6240, 0.2790, 0.7690, 0.0160 कुल खसरा नम्बर 15 कुल रकबा 6.2250 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दिनेश पिता मंगलदास, संतूदास पिता मंगलदास, कुवरबाई पिता मंगलदास, कांताबाई पिता मंगलदास, शांताबाई पिता मंगलदास ममताबाई पिता मंगलदास, सतरूपाबाई पिता मंगलदास, बिसन्तीनबाई बेवा पति मंगलदास सभी जाति सतनामी सभी सा. कातलवाही के नाम पर दर्ज व स्थित है उपरोक्त भूमि के हिस्सेदार शान्ताबाई के आधार कार्ड में नाम शकुन बाई सतनामी अंकित है एवं सतरूपा बाई के आधार कार्ड में नाम रूपा चतुर्वेदी अंकित है। आवेदक की बहन शान्ताबाई एवं सतरूपा बाई का नाम राजस्व अभिलेख में आधार कार्ड से अलग- अलग होने के कारण शासकीय कार्य कराने में परेशानी हो रही है। अतः आवेदक द्वारा शान्ताबाई के स्थान शकुन बाई सतनामी एवं सतरूपा बाई के स्थान पर रूपा चतुर्वेदी दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.10.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार तहसील डोंगरगढ़**

# त्योहारी सीजन : बाजार में बेहतर व्यवस्था बनाने हुई प्रशासनिक कवायद

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि पर्व के साथ ही त्यौहारी सीजन शुरू हो गया है। बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ती शुरू हो गई है। चूंकि राजनांदगांव किफायती शहर होने के कारण न केवल आसपास के गांव कस्बे के लोग अपितु पड़ोसी जिले के लोग भी बड़ी संख्या में यहां खरीददारी करने के लिए पहुचते हैं। इससे शहर के बाजार में भीड़ कई गुना बढ़ जाता है। उपर से बाजार के अंदर तिपहिया, चारपहिया वाहनो के धड़ल्ले से प्रवेश से जाम की स्थिति निर्मित होना सामान्य बात हो जाती है।

बता दें कि शहर में यातायात जाम होने की एक वजह व्यवसायियों द्वारा अपनी दुकान का सामान सड़क तक फैला कर रख दिया जाना भी है। यानिकि सड़क पर दुकानदारी किया जाना भी बाजार में यातायात जाम का एक कारण बना हुआ है। उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर तथा आगामी धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ आदि पर्व-त्योहारों को देखते हुए नगर निगम, पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन की टीम ने व्यापारियों के साथ शहर में धूम-धूमकर बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। और शहर में खासकर बाजार क्षेत्र की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए प्लान सोचीं गई। इसके लिए व्यापारियों के साथ बैठक किए जाने की बात सामने आ रही है।

### कलेक्टर-एसपी ने किया मौका मुआयना

बता दें कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर शहर में बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल,एस पी मोहित गर्ग, एएसपी विवेकानंद शर्मा सहित नगर निगम अधिकारियों के अलावा कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू, बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन चेंबर ऑफ कॉमर्स के राजा माखीजा व अन्य व्यापारियों के साथ शहर के बाजार क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने आगामी पंच दिवसात्मक पर्व दीपावली त्यौहार को देखते हुए बाजार में बार- बार लगने वाली जाम की स्थिति और फुटकर विक्रेताओं को उचित स्थान उपलब्ध कराने हेतु बेहतर पार्किंग व्यवस्था के लिए मौका मुआयना किया गया।





### सड़क तक नहीं फैलाई जाएगी दुकानें

कलेक्टर, एसपी व निगम के अधिकारियों सहित व्यापारियों व पार्षदों के साथ बाजार क्षेत्र का किया गया निरीक्षण के दौरान सड़क तक सामान फैलाकर दुकानदारी करने वाले व्यवसायियों को समझाइश दी गई कि अपनी दुकान का सामान सड़क तक न निकालें। वहीं सड़क पर अपने वाहन खड़े करने वालों को समझाइश दी गई कि बाजार में पार्किंग पट्टी (सफेद लाइन) के भीतर ही अपने वाहन खड़ा करने।इस तरह बाजार आने वाले दुपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु उन्हें जागरूक किया गया।

### चारपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध

बता दें कि कलेक्टर और एस पी ने शहर के जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, गुड़ाखू लाइन,आजाद चौक हलवाई लाइन आदि क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया और व्यापारियों से चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों के साथ घुम रहे मुख्य मार्केट गोलबाजार क्षेत्र के पार्षद शरद सिन्हा ने अधिकारियों से बाजार क्षेत्र में चारपहिया वाहनो के धड़ल्ले से प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बाजार में चारपहिया वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बनती है। अतः लोगों को जाम की स्थिति से निजात दिलाने, चार पहिया वाहनों के धड़ल्ले से प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए।

**○ कलेक्टर संजय अग्रवाल व एसपी मोहित गर्ग ने किया शहर भ्रमण**
**○ पटरी पर आने लगी चरमराई यातायात व्यवस्था**
**○ चौक-चौराहों पर लगा चारपहिया नो-एंट्री का बोर्ड**

### शहर में बनाई जाएगी पार्किंग व्यवस्था

बताते चलें कि दैनिक दावा ने त्योहारी सीजन में शहर में खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भीड़ व शहर आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के संबंध में शनिवार 19 अक्टूबर के अंक में प्रमुखता के साथ समाचार का प्रकाशन किया था। स्थानीय प्रशासन द्वारा इस पर विशेष ध्यान देते हुए त्योहारी सीजन में बाजार क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने के लिए जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि बाजार क्षेत्र की व्यवस्था सुधारने के लिए ही इस क्षेत्र का भ्रमण किया गया है। त्यौहारी सीजन में कुछ क्षेत्रों को वन-वे करने के लिए प्लान किया जाएगा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग को लेकर प्लान करके नियम लागू किए जाएंगे।

इसी तरह कलेक्टर संजय अग्रवाल का कहना है कि त्योहार में पार्किंग और जाम की स्थिति से निपटने के लिए ही व्यवस्था बनाने नगर निगम, पुलिस और व्यापारियों के साथ बाजार का निरीक्षण किया गया है। इसके लिए व्यापारियों के साथ बैठ कर प्लानिंग की जाएगी। इससे निश्चित ही शहर व बाजार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधरती हुई दिखाई देगी।

बता दें कि कलेक्टर-एसपी व नगर निगम के अधिकारियों के अलावा व्यापारियों के पैदल शहर भ्रमण का लाभ दिखते नजर आ रहा है। शहर के अति भीड़भाड़ वाले भारत माता चौक में चारपहिया नो- एंट्री के बोर्ड लगा दिए गए और यहां पर यातायात पुलिस तैनात कर चारपहिया वाहन को भीतर नहीं जाने दिया जा रहा है। इसी तरह मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक रोड की ओर? जाने? वाली सड़क पर चौक के समीप बेरिकेट लगा दिया गया है और यहां पर दो पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है। मुख्य मार्केट गोलबाजार क्षेत्र में जीई रोड से आने वाले चारपहिया वाहन चालकों को बेरिकेट लगा कर बाजार अंदर प्रवेश से रोका जा रहा है। यहां भी पुलिस की तैनाती की गई है। शहर के गुरुद्वारा रोड जमात पारा फौवारा चौक के समीप भी चारपहिया वाहनों को रोकने के लिए बेरिकेट लगाया गया है और वहां पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। रही बात अब दोपहिया चारपहिया वाहनों के पार्किंग व्यवस्था की। तो इसके लिए बैठकर शीघ्र ही निर्णय लिए जाने की बात कही जा रही है। ताकि बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों की वाहने बाजार अंदर प्रवेश न पा सके व वाहनों को सुरक्षित रखें जाने के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा सके।

इस संदर्भ में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महासचिव राजा माखीजा ने बताया कि शनिवार को चेंबर के राजू डागा, संजय तेजवानी व अमित खंडेलवाल कलेक्टर एसपी के साथ पैदल बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया गया। आज सोमवार को 12 बजे व्यापारियों व स्थानीय प्रशासन की बैठक है। जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था मजबूत बनाने व त्यौहारी सीजन में पार्किंग की समस्या से निजात पाने चर्चा किया जाकर साल्यूशन निकाला जाएगा। शहर में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# सवा लाख लेकर लौटाने में आनाकानी करने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज

डोंगरगढ़(दावा)। जान पहचान के एक व्यक्ति से 1 लाख 35 हजार रूपये उधार लेकर लौटाने में आनाकानी करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी द्वारा रूपये लौटाने के नाम से चेक में फर्जी हस्ताक्षर कर दिए थे, जिससे चेक बाउंस हो गया। शिकायत पर पुलिस ने एक महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम कातल वाही निवासी देवशरण साहू ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि मांगी लाल अग्रवाल सपरिवार मुसरा में रहते थे, जहां उनकी फुटवियर की दुकान थी, जिसके कारण पांच-छह वर्षों से उनकी आपस में जान पहचान थी।

**ग्राम मुसरा में निवास के दौरान आरोपी ने आपसी संबंध का लाभ उठाया था**

देवशरण साहू के अनुसार मांगी लाल अग्रवाल की पत्नी कविता ने उससे डेढ़ लाख रूपये उधार मांगे। पहले तो देवशरण ने रूपये देने से मना कर दिया। जब बार-बार जरूरत बताई तो अलग-अलग किस्तों में देवशरण ने कविता अग्रवाल निवासी सनसिटी राजनांदगांव को 1 लाख 35 हजार रूपये दे दिए। देवशरण साहू का कहना है कि रूपये देने के दस दिन बाद जब उसने कविता अग्रवाल से अपने रूपये वापस मांगे तो उसने रूपये देने से मना कर दिया और कहा कि तुमने मुझे कब पैसा दिया है। बार-बार निवेदन करने पर भी वह पहले रूपये लौटाने से इंकार करती रही। आखिरकार 4 दिसंबर को चेक दिया लेकिन बैंक में फोन कर चेक का भुगतान नहीं होने दिया। दूसरी बार 9 सितंबर को फिर एक चेक दिया लेकिन उसमें फर्जी हस्ताक्षर कर दिए, जिसके कारण वह चेक भी बाउंस हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

# अवैध गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

कवर्धा (दावा)। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप, अवैध मादक पदार्थों एवं नशे के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बोड़ला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सघन अभियान के तहत अवैध गांजा परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 54 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है, जिसकी बाजार कीमत 5,40,000 रुपये आंकी गई है।

यह गांजा टाटा वाहन के हाइड्रोलिक ट्रॉली के नीचे छिपाकर रखा गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। जप्त गांजा की कुल मात्राः 54 किलोग्राम है, दो आरोपी प्रशांत भुक्ता, पिता एकलव्य भुक्ता, जुलु डांग, पिता बीजा डांग के विरुद्ध थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 218/2024 धारा 20(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और वाहन को भी जप्त कर लिया गया है।

**54 किलोग्राम गांजा जप्त, अनुमानित कीमत 5,40,000 रूपये**

इस बड़ी सफलता के बाद पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि नशे के कारोबार में शामिल अन्य अपराधियों की गहन जांच की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से जुड़े सभी अपराधियों के खिलाफकठोर कार्यवाही जारी रहे। राज्य शासन की मंशा के अनुसार, जिला पुलिस नशे के अवैध व्यापार को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सघन अभियान के माध्यम से जिले में नशे के व्यापार को खत्म करने के साथ-साथ युवाओं और समाज के अन्य वर्गों को इस घातक व्यसन से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस की सतर्कता और निरंतर कार्यवाही से जिले में नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों के बीच भय का वातावरण बन चुका है, जिससे इस अवैध धंधे पर प्रभावी अंकुश लग रहा है।

# नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त होने पर हेमा देशमुख पहुंची झारखंड के बरही विधानसभा

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखंड के बरही विधानसभा के नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्ति किए जाने पर महापौर हेमा सुदेश देशमुख बरही विधानसभा पहुंची लोगों ने उत्साह पूर्वक स्वागत किया, झारखंड के सीनियर कोऑर्डिनेटर मोहन मरकाम से मुलाकात हुई, साथ ही सांसद तारिक अनवर एवं अन्य प्रमुखों से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा किया उसके पश्चात बरही क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया और चुनाव के लिए आगे काम करने के लिए कांग्रेस अधिक मतों से जीतने के लिए प्रोत्साहित किया और इसके साथ ही बरही एवं चौपारण क्षेत्र में जाके बैठक लेकर वोटर मतदाताओं को प्रेरित किया एवं कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर काम करने के लिए प्रेरित किया और बूथ स्तर पर बूथ गठनो की जानकारी लिया, इस जिम्मेदारी के लिए माननीय लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, एआईसीसी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार एवं छग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लोकसभा ऑब्जर्वर श्रीमती छाया वर्मा उपस्थित रही।



# करेंट की चपेट में आए पति-पत्नी, दोनों की मौत



कोरबा, 20 अक्टूबर (अरएनएस)। शनिवार सुबह की यह घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के मनगांव रोड आदर्श नगर की है। यहां निवासरत मूलतः उड़ीसा निवासी दुर्योधन महंता और भारती महंता के साथ यह हादसा हुआ है।

प्रारंभिक तौर पर जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक शनिवार सुबह 11-12 बजे के आसपास भारती महंता कपड़े सुखाने के लिए घर में खींचे गए तार पर गीले कपड़े सुखा रही थी कि इस दौरान उसे करंट का झटका लगा और वह चिपक गई। उसे इस हालत में देखकर पति दौड़ा-भागा पहुंचा और पत्नी को असावधानी पूर्वक बचाने के चक्कर में वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे में झुलसे दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। मौत से स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के साथ-साथ उनके उड़ीसा निवासी परिजनों को सूचना दी गई।

# जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पेण्ड्री, अन्यानवागांव, खैरा, खुड़मुड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ ने योजनांतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर संपूर्ण किस्त की राशि अतिशीघ्र प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम में जिन हितग्राही द्वारा आवास निर्माण कार्य सबसे पहले पूर्ण किया जाएगा, उनको सम्मानित किया जाएगा। जिन पर हितग्राहियों ने आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा योजना से संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों से समन्वय कर लगातार आवास निर्माण की देखरेख एवं निगरानी करने तथा हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तर में आवास पूर्णता में विशेष योगदान देने वाले सरपंच, सचिव रोजगार सहायक, महिला स्वसहायता समूह को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री दिव्या ठाकुर, आवास प्रभारी जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, क्षेत्र के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पेण्ड्री, अन्यानवागांव, खैरा, खुड़मुड़ी में हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण के संबंध में ली जानकारी**

# महादेव सट्टा एप के सरगना सौरभ चंद्राकर को भारत लाने की प्रक्रिया तेज, आज दुबई पहुंचेगा डोजियर




रायपुर। दुबई में गिरफ्तार महादेव एप के संचालक सौरभ चंद्राकर को भारत लाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने सौरभ चंद्राकर के प्रत्यर्पण के लिए ईडी मुख्यालय समेत केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को डोजियर (दस्तावेज) सौंप दिया है। 21 अक्टूबर को विदेश मंत्रालय के माध्यम से डोजियर को दुबई स्थित भारतीय दूतावास को सौंपे जाने की समय सीमा तय की गई है। उसके बाद, वहां की सरकार की सहमति मिलने पर दुबई की अदालत में डोजियर पेश कर सुनवाई की जाएगी, जिसके बाद ही सौरभ के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू होगी। दुबई की अदालत के फैसले पर ही सौरभ को छत्तीसगढ़ लाने का रास्ता साफ होगा।

सौरभ चंद्राकर और उनके सहयोगी रवि उप्पल, जो महादेव एप सट्टेबाजी घोटाले में शामिल हैं, जो 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का है, घटना के सामने आने के बाद से दुबई में ही हैं। ईडी के सूत्रों ने बताया कि प्रत्यर्पण की कार्रवाई के लिए यूएई की अदालत से सौरभ चंद्राकर को भारत लाने का निवेदन किया गया है, जिसमें बताया गया है कि रायपुर की पीएलएमए की विशेष अदालत ने उनके खिलाफ एक गैर-जमानती वारंट जारी किया है। इसके साथ ही, सौरभ पर मनी लॉड्रिंग से संबंधित संज्ञेय (कॉग्निजेबल) और गैर-जमानती अपराध भी दर्ज है।

### प्रत्यर्पण संधि के अनुसार होगा फैसला

दुबई अदालत में सुनवाई के दौरान सौरभ चंद्राकर को भी अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद अदालत यह तय करेगी कि सौरभ को भारत भेजा जाना है या नहीं और अगर भेजा जाना है, तो किन शर्तों पर। ये शर्तें भारत और यूएई के बीच प्रत्यर्पण संधि के अनुसार होंगी।

इस मामले में विधिक पहलू बचा हुआ है और इसके अनुकूल होने के बाद ही सौरभ को भारत लाने की उम्मीद की जा सकती है। यूएई के साथ भारत की जो संधि है, उसके तहत मनी लॉड्रिंग के अपराध में करीब सात साल की सजा है, जिसके लिए प्रत्यर्पण किया जा सकता है।

### अरबी और अंग्रेजी में तैयार किया गया डोजियर

ईडी के सूत्रों के अनुसार, सौरभ चंद्राकर के अपराध संबंधी सभी दस्तावेजों का अरबी में अनुवाद किया गया है। इसमें विशेष न्यायाधीश के हस्ताक्षर भी हैं। छत्तीसगढ़ में कई आदेश पत्र हिंदी में होते हैं, इसलिए डोजियर को अंग्रेजी और अरबी दोनों भाषाओं में तैयार किया गया है। इसे ईडी के मुख्यालय को सौंप दिया गया है।

अब हाई कमीशन आगे की कार्रवाई कर रहा है। सौरभ को भारत लाने में कितना समय लगेगा, इस बारे में ईडी के आधिकारिक सूत्र स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं। उनका कहना है कि यूएई में सभी दस्तावेज जाने के बाद ही प्रक्रिया शुरू होगी। वहां की अदालत तय करेगी कि कितनी तेजी से सुनवाई की जाए और क्या फैसला दिया जाए। आरोपित को भी अपना जवाब पेश करने का मौका दिया जाएगा।

# रायपुर में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला, बोलीं- हार के बाद ही आता है जीत का असली मजा



रायपुर। छत्तीसगढ़ में चल रहे पांच दिवसीय अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। छत्तीसगढ़ 97 गोल्ड के साथ प्रथम स्थान पर रहा, छत्तीसगढ़ ने सिल्वर, 33 कांस्य पदक के साथ कुल 731 प्वाइंट्स लेकर रिकार्ड जीत हासिल करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर केरल ने 39 गोल्ड, 37 सिल्वर, ब्रोंज 27, कुल अंक 380 के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान मध्यप्रदेश ने 37 गोल्ड, 26 सिल्वर और 25 कांस्य पदक के साथ कुल अंक 353 प्राप्त किया।कार्यक्रम में ओलंपिक मेडल विजेता मनु भाकर विशेष रूप से शामिल हुई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास के लिए अहम होता है। अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की। इस मौके पर उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा आदि उपस्थित रहे। वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव और नोडल ऑफिसर शालिनी रैना ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रतिभागियों ने खेल के प्रति उत्साह और छत्तीसगढ़ की मेहमान नवाजी की प्रशंसा की। राज्य की संस्कृति और खान-पान की विशेषताएं सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतिदिन प्रतियोगिताएं एवं संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रमों से यहां की संस्कृति, परंपरा और स्थानीय संगीत से प्रतिभागियों को रूबरू कराया गया।

यह प्रतियोगिता वनों के संरक्षण पर आधारित है और इसमें वनरक्षक से लेकर विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यकम में बालीवुड सिंगर सुवर्णा तिवारी के गानों में प्रतिभागियों ने जमकर झूमे। इसके अलावा सुप्रसिद्ध बस्तर बैंड और छत्तीसगढ़ की लोकगाथा लोरिक चंदा की प्रस्तुति देखकर प्रतिभागी झूम उठे।

ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि हारने के बाद ही जीतने का असली मजा आता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में पहली बार आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि खेल और खिलाड़ियों के बीच होने का अलग ही आनंद है। छत्तीसगढ़ के बारे में काफी सुना था। यहां हरियाली काफी है।दिल्ली से आते हुए यह अब तक का सबसे अच्छा अनुभव रहा है। प्रकृति हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वनों के संरक्षण के महत्व को जाना है। यह पल मेरे लिए अविस्मरणीय है, मैं यहां दोबारा आना चाहूंगी।

पुलिस लाइन स्थित एकलव्य शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों से मनु भाकर ने मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से उनके इवेंट और अभ्यास के बारे में जानकारी ली। साथ ही इस दौरान खिलाड़ियों को टिप्स दिए। इससे पहले मनु भाकर ने बलौदाबाजार जिले में स्थित बारनवापारा अभ्यारण्य में अपने परिवार के साथ वन भ्रमण किया।यहां वे घने जंगलों और वन्य प्राणियों को स्वच्छंद वितरण करते हुए देखा।

## अनमोल दावा

> **जीवन में कभी भी अपने आप को किसी से हीन या श्रेष्ठ भी न समझें, क्योंकि श्रेष्ठता अहंकार पैदा करती है और हीनता आत्मविश्वास को कम कर देती है।**

## सुप्रीम कोर्ट की भूमिका, तय समय में न्याय देने की दिशा में आगे बढ़ें अदालतें

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने गत दिवस यह भी कहा कि जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं। नि:संदेह उसे निभाना भी नहीं चाहिए लेकिन क्या यह किसी से छिपा है कि पिछले कुछ समय से सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित प्रत्येक कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का सिलसिला कायम है।

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने यह सही कहा कि शीर्ष न्यायालय जनता की अदालत है और उसे इसी रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन क्या वह ऐसा कर पा रहा है? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि पिछले दिनों ही सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें तय सीमा में फैसला देने का आग्रह किया गया था। इस याचिका को खारिज करते हुए कहा गया था कि भारत का सुप्रीम कोर्ट अमेरिका जैसा नहीं है। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया था कि हमारी ओर से एक दिन में जितने मामलों का निस्तारण किया जाता है, उतने तो कई पश्चिमी देशों में एक वर्ष में भी नहीं किए जाते।

इस तथ्य से इन्कार नहीं, लेकिन इसके बावजूद सच यह भी है कि देश की विभिन्न अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। इन अदालतों में सुप्रीम कोर्ट भी शामिल है। यह ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमों का निस्तारण एक निश्चित समय में किए जाने की मांग को वांछनीय तो बताया था, लेकिन उसे असंभव करार दिया था। आखिर जो वांछनीय है, उसे क्यों नहीं किया जाना चाहिए? यदि मामलों के निपटारों के लिए न्यायाधीशों और अदालतों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है तो उसकी पूर्ति क्यों नहीं की जा सकती? यह निराशाजनक है कि इस दिशा में कोई पहल करने के स्थान पर देश की जनता को यह संदेश दिया जा रहा है कि हम समय पर न्याय नहीं दे सकते। कम से कम सुप्रीम कोर्ट के स्तर पर तो ऐसा संदेश नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि समय पर न्याय न मिलना अन्याय ही है।

अच्छा तो यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट तय समय में न्याय देने की दिशा में आगे बढ़ें, ताकि निचली अदालतें भी ऐसा करने के लिए प्रेरित हों और जो करोड़ों लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं, उनमें आस जगे। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने गत दिवस यह भी कहा कि जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं। नि:संदेह उसे निभाना भी नहीं चाहिए, लेकिन क्या यह किसी से छिपा है कि पिछले कुछ समय से सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित प्रत्येक कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का सिलसिला कायम है। यदि सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिकाओं के सहारे सरकार एवं संसद के हर फैसले की समीक्षा करेगा और यहां तक कि कानूनों की वैधानिकता परखे बिना उनके अमल पर रोक लगा देगा, जैसा कि कृषि कानूनों के मामले में हुआ था तो फिर वह विपक्ष की भूमिका का निर्वाह करता हुआ ही दिखेगा। यदि सुप्रीम कोर्ट को जनता की अदालत के रूप में अपनी छवि को मजबूत करना है तो उसे संसद के हर फैसले की समीक्षा करना छोड़ना होगा और लोगों को तय समय पर न्याय देने पर विशेष ध्यान देना होगा।

# व्हाट्सऐप आपसे पैसे नहीं लेता फिर कमाई कैसे करता है?

**ज़ोई क्लाइनमन**

**पिछले 24 घंटे में मैंने 100 से ज़्यादा व्हाट्सऐप मैसेज किए हैं. ज़्यादातर वही रोज़मर्रा की बातें थीं. मैंने परिवार के साथ प्लान बनाए, सहकर्मियों से काम के बारे में बातें कीं, कुछ लोगों को ख़बरें भेजीं और दोस्तों के साथ गपशप और चुगली की.**

**व्हाट्सऐप पर होने वाली सामान्य बातें भी इनक्रिप्टेड होती हैं. इसके लिए व्हाट्सऐप के शक्तिशाली कंप्यूटर सर्वर होते हैं, जो दुनिया भर के कई डेटा सेंटर में लगे हुए हैं. ये कोई छोटा-मोटा संचालन का काम नहीं है. इसके लिए बड़े ऑपरेशन की ज़रूरत होती है. इस प्लेटफ़ॉर्म पर क़रीब तीन अरब यूज़र्स हैं. लेकिन ना तो मैं और ना मेरे साथ बात कर कर रहा कोई भी व्यक्ति कभी व्टाट्सऐप इस्तेमाल करने के लिए पैसा ख़र्च करता है. मेरे जैसे लोगों के व्हाट्सऐप अकाउंट इसलिए मुफ़्त हैं क्योंकि व्हाट्सऐप वैसे कॉर्पोरेट कस्टमर से कमाई करता है जो मुझ जैसे कस्टमर से संपर्क करना चाहते हैं.**



पिछले साल से कंपनियां व्हाट्सऐप पर मुफ़्त में चैनल बना रही हैं, और वो उन सभी यूज़र्स को मैसेज भेज सकती हैं, जो उन्हें सब्सक्राइब करते हैं. लेकिन ये कंपनियां हम जैसे कस्टमर से बात करने के लिए प्रीमियम का भुगतान करती हैं. ब्रिटेन में तो ये सारी चीज़ें अभी नई-नई हैं लेकिन बेंगलुरु जैसे शहर में आप बस का टिकट भी इसकी मदद से ऑनलाइन बुक कर सकते हैं, अपनी सीट चुन सकते हैं.

मेटा की एक वरिष्ठ अधिकारी निकिला श्रीनिवासन ने कहा, हमारा मक़सद है कि यहां बिज़नेस और कस्टमर दोनों ही अपना काम आसानी से चैट थ्रेड में कर पाएं. उन्होंने कहा, इसका मतलब होता है कि अगर आप एक टिकट बुक करना चाहते हैं, अगर आप कुछ रिटर्न करना चाहते हैं, आप पेमेंट करना चाहते हैं तो आप ये सभी चैट थ्रेड के बिना बाहर गए कर पाएं. और यहां से सीधे निकलकर चैट में अपने परिवार और दोस्तों से बात कर पाएं.

आप अपने फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर मौजूद ऑनलाइन विज्ञापन के लिंक पर क्लिक कर सीधे व्टाट्सऐप चैट से जुड़ सकते हैं और भुगतान कर सकते हैं. श्रीनिवासन कहती हैं कि ये चीज़ अकेले ही टेक की इस दिग्गज कंपनी के लिए कई अरब डॉलर वैल्यू की है.

दूसरे मैसेजिंग ऐप भी अलग-अलग रेवेन्यू मॉडल पर काम करते हैं. जैसे कि सिग्नल- जो एक ऐसा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म जो अपने सिक्योरिटी प्रोटोकॉल के लिए जाना जाता है, वो गैर लाभकारी संगठन है. सिग्नल का कहना है कि इसने कभी निवेशकों से पैसे नहीं लिए, जबकि टेलीग्राम जैसे ऐप ऐसा करते हैं. सिग्नल चंदे पर चलता है- जिसमें ब्रायन एक्टोन के द्वारा दिया गया 50 मिलियन डॉलर योगदान शामिल है. वो 2018 में व्हाट्सऐप के सह-संस्थापकों में से एक थे. सिग्नल की प्रेसिडेंट मेरेडिथ व्हिटेकर ने पिछले साल एक ब्लॉग पोस्ट में कहा था, हमारा लक्ष्य जहां तक संभव हो वहां तक छोटे चंदा देने वालों के सहयोग से चलने का है, उन लोगों पर निर्भर होना है जो वाकई सिग्नल के बारे में सोचते हैं. वहीं, डिस्कॉर्ड नाम के मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल ज़्यादातर युवा गेमर्स करते हैं, ये फ्रीमियम मॉडल पर है यानी इसे आप फ़्री में साइन अप तो कर सकते हैं लेकिन अतिरिक्त फ़ीचर्स के लिए आपको भुगतान करना पड़ता है. वहीं स्नैप (स्नैपचैट की कंपनी) कई मॉडल आधारित है. यहां विज्ञापन होते हैं, इसके पास 1 करोड़ 10 लाख वैसे सब्सक्राइबर हैं जो भुगतान करते हैं (अगस्त 2024 के डेटा के अनुसार) और ये ऑगमेंटेड रियलिटी ग्लासेस स्नैपचैट स्पेक्टेकल्स भी बेचते हैं. स्नैप के रेवेन्यू का मुख्य स्रोत विज्ञापन है, जिससे क़रीब सालाना 4 अरब डॉलर से अधिक कमाई होती है. वहीं ब्रिटेन की कंपनी एलिमेंट सरकार और बड़े संगठनों को अपना सुरक्षित मैसेजिंग सिस्टम इस्तेमाल करने देने के लिए भुगतान लेती है. इनके कस्टमर इसकी टेक्नोलॉजी तो इस्तेमाल करते हैं, लेकिन चलाते वो अपने प्राइवेट सर्वर से हैं. इसके सह संस्थापक मैथ्यू होजसन बताते हैं कि 10 साल पुरानी ये कंपनी डबल डिजिट मिलियन रेवेन्यू में है और मुनाफ़े के क़रीब है. उनका मानना है कि मैसेजिंग ऐप्स के सबसे लोकप्रिय बिज़नेस मॉडल वही पुराना मॉडल विज्ञापन है. उन्होंने कहा, दरअसल (कई मैसेजिंग ऐप्स) विज्ञापन इस बात पर निगरानी कर देखते हैं कि लोग क्या करते हैं, वो किससे बात करते हैं और इसके आधार पर वो उन्हें विज्ञापन दिखाते हैं. इन ऐप्स को ये जानकारियां जुटाने के लिए पूरे के पूरे मैसेज को पढ़ने की ज़रूरत नहीं होती है. तो कुल मिलाकर आइडिया ये है कि भले ही इनक्रिप्शन हो, गोपनीयता का ध्यान रखा जाता हो, लेकिन ये यूज़र के डेटा का इस्तेमाल विज्ञापन बेचने के लिए करते हैं. होजसन कहते हैं, वही पुरानी कहानी है- अगर आप यूज़र हैं और इसके लिए भुगतान नहीं कर रहे हैं तो ऐसी संभावना है कि आप ही प्रोडक्ट यानी उत्पाद हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 293 : श्री राम के रथ ने चलना प्रारंभ किया और अपार वेदना से मूर्छित हो उठे राजा दशरथ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अपने कुटुंबियों को वन प्रस्थान करते देखकर महाराज दशरथ का अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रहा और वे कक्ष के द्वार की और तेजी से बढ़ने लगे। उनका वृद्ध शरीर और गत दिवस से जारी घोर मानसिक पीड़ा के कारण उनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं है। महारानी कौशल्या उन्हें दौड़ते देखकर तेजी से उनके साथ दौड़ने लगीं और राजा दशरथ लड़खड़ाते हुए कदमों से द्वार के पास आकर रुक गए।यह द्वार मानो उनके जीवन की सीमा रेखा हो और वे इसके पार नहीं जा सकते क्योंकि अगर वे बाहर पग रखते हैं तो एक राजा के रूप में उनकी इच्छा के विरुद्ध हो रही इस घटना का,जिन्हें उनका अधिकृत निर्णय माना जाएगा, की अवहेलना होगी।

नियति ने मानो राजा दशरथ की सीमा भी निर्धारित कर दी। श्री राम का अयोध्या राजभवन से प्रस्थान राजा दशरथ के जीवन पर सबसे बड़ा आघात है और वे इसे संभाल नहीं पा रहे हैं। माता कौशल्या और माता सुमित्रा ने द्वार का सहारा लेकर खड़े हुए राजा दशरथ की दोनों बाहों को अपने हाथों में लिया और उनसे वापस चलने की प्रार्थना की। राजा दशरथ मूर्छित हो गए और कक्ष में हाहाकार मच गया।

आज अयोध्या के राजपथ पर जन समुद्र है। श्री राम और सीता जी रथ पर बैठे प्रजा का अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं तथा कुमार लक्ष्मण श्री राम के दाहिनी ओर खड़े होकर इस अपार जन समूह को भाव विभोर होकर देख रहे हैं। रथ धीरे-धीरे आगे बढ़ पा रहा है और रथ के साथ प्रजा भी जय घोष करते हुए चल रही है तथा बार-बार रथ को रोकने तथा वापस लौटने की मनुहार कर रही है। आज अयोध्या के सभी भवन सूने हो गए हैं और प्रत्येक व्यक्ति श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी के दर्शन के लिए इस पथ पर एकत्र हो रहा है और उनकी एक झलक पाकर भाव मुद्रा में अपने हाथ जोड़कर उनसे रुकने की प्रार्थना कर रहा है।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### हस्ताक्षर की इच्छा में अक्षर ....

ऋतु बासन्ती के आने से, प्रकृति संवर जाती है।
जैसे सन्तों से सचमुच, संस्कृति संवर जाती है।।
अंकों के बाजार में, सकल छोड़ बस शून्य धरे।
जग हित हेतु जीवन, काँटे छोड़ मन सुमन भरे ।।
जहाँ-जहाँ से वे गुजरते, दुख भी गुजर जाता है।
बगिया महकाने को जैसे, पराग बिखर जाता है।।
होता है फूलों का जीवन, माना पल दो पल का।
पल में जी लेते कई जीवन, फिक्र न अगले पल का।।
सुबह खिले और धूल मिले, मिट्टी उर्वर कर जाता है।
जैसे जीवन ऊर्जा दे सूरज, सांझ ढले ढल जाता है।।
चलते-चलते ठहर ही जाता, वो धरा की देख तपन।
कहीं क्यों करे घन गमन, झर-झर जाए मेघ अघन।।
शेष न रखता पास अपने, झर-झर-झर बरसाता है।
सागर से मिलने नदी बावरी, लगती ज्यों उन्माता है।।
खारे से मिलने को आतुर! कल-कल इतराती है।
मर्म जानती जीवन का तू, बनके
लहर लहराती है।।मिटा पाया जिसने
स्वयं को, वो पूर्णता को पाता है।
हस्ताक्षर की इच्छा में अक्षर,
टेढ़ा-मेढ़ा हो जाता है।।



रोशन साहू 'मोखला'
(राजनांदगांव) 7999840942

## सू- दोकू क्र. 213

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.212का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## कविता

### मुझे निरंतर चलना है

गिरकर, एक बार फिर से मुझे सम्भलना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।
लोभ स्वार्थ बिना, कर्म पथ पर आगे बढ़ना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।
आशाओं के दीप, मन में प्रज्वलित करना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।
बन जुगनू, अब मुझे निशा का तम हरना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।
बाधाएँ, मुझे क्या रोकेगी? नित बाधाओं से लड़ना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।
लक्ष्य हमें ध्येय रहे, गगनचुंबी शिखर जय करना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।
काँच के टुकड़े की भाँति मुझे भट्ठी में तपना है,
तपकर, गलकर फिर से नए रूप में निखरना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।
जय की आहट सुन,
सफलता खुद पुकारेगी, संग तेरे अब चलना है।
मुझे निरंतर चलना है, मुझे निरंतर चलना है।।



महेन्द्र साहू "खलारीवाला"
गुण्डरदेही बालोद छ.ग.

## लघुकथा

### "दीया"

एक झन सेठ राहे वोहर हर रोज मंदिर म घीके दीया जलाय। अऊ भगवान ले बिनती करय। धंधा बैपार ह बने चलय अऊ गजब मुनाफा होवय। वोसने एक झन गरीब ह रोज एक ठन दिया बार के रद्दा म मढ़ा देवय अऊ भगवान ले काहे ये दिया ल हवा पानी ले बचा के राखबे दीया जब तक ले बरही तब रद्दा रेंगईया मन ल अंजोर मिलही। अऊ मंदिर जवईया मन ल गोटा माटा अऊ उबड़ खाबड़ रद्दा म गिरे हपटे ले बाच जाही। अऊ अवईया जवईया मन सुख पाही जब वो दुनो झन मर के यमलोक म पहुचिस तब यमराज ह दुनो के करम धरम के मिलान करिस। अऊ वो गरीब ल उंचहा पद दे दिस तब वो सेठ ह किहिस मय रोज मंदिर म घी के दीया बारव, अऊ वो गरीब ह तेल के दीया बार के रद्दा म मढ़ा देवय। तभो ल वोला उंचहा पद देदिस। ओकर मन के बात ल यम-राज ह जान डारिस तब किहिस सेठजी तैहर घी के दीय बार के मंदिर मे रख देवस मंदिर म दीया बरे न बरे उहातो परकाश रहिथेच। अऊ मागस तुहुल अपन सुवारथ बर मागस। अऊ वो गरीब ह दीया ल बार के रद्दा म मढ़ा देवय अऊ परहित के काम करय।
अऊ दुसर बर सुख मागय।
वोकर पुन्य के फल हर वोला उचंहा पद देवाय हे।
जब भी बूता करय, त दुसर के हितबर करय।
अऊ दूसर के सुख बर सोचय।



आनंद राम सार्वा

## राशिफल



**मेष** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कोई लाभदायक यात्रा संपन्न हो सकती है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण घर पर तो समय व्यतीत नहीं कर पाएंगे, परंतु अपने बहुत से महत्वपूर्ण काम निपटाने में सफल होंगे। आज किसी भी प्रकार का लेनदेन करते समय सावधानी बरतें। आज बिजनेस में कोई महत्वपूर्ण फैसला न लें।



**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं।



**मिथुन** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षको की सहायता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी।



**कर्क** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जाएगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।



**सिंह** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ आपके दोस्ताना तालमेल बनेंगे। मेहनत के अनुरूप आपको उचित परिणाम भी हासिल होंगे। कोई भी निर्णय भावनाओं में आकर न लें, बल्कि प्रैक्टिकल तरीके से अपनी कार्यप्रणाली बनाएं। ऐसा करने से आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी।



**कन्या** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।



**तुला** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी।



**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों से बेहतर तालमेल बनाकर रखें। आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवार वालों के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनाएंगे।



**धनु** — आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आपका अपने कर्म पर विश्वास रखना, तथा मन लगाकर काम करना आपको सफलता देगा। कुछ बीती हुई गलतफहमियां दूर होने से भाइयों के साथ रिश्तों में मधुरता आएगी। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले से सुधार आयेगा।



**मकर** — आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये कोई नया खेल तलाश करेंगें।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आप पारिवारिक रिश्ते को महत्व देंगे। अविवाहित लोगों को कोई विवाह प्रस्ताव भी आज मिल सकता है। पैतृक निवास की यात्रा हो सकती है।




**मीन** — आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज कारोबार में बाहरी लोगों के दखल से चुनौतियां रहेंगी। बेहतर होगा सब काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। आपके पॉजिटिव विचार आपको अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसकी वजह से जीवन के कुछ क्षेत्रों में अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -213

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्वात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 212का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | श्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# महाराष्ट्र में बनेगी भाजपा की सरकार - रामजी भारती



डोंगरगढ़ (दावा)। नवम्बर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने घर-घर जाकर पुनः भाजपा की सरकार बनाने दौरा चालू कर दिया है। महाराष्ट्र के मराठ वाडा के सम्भा जी नगर में प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती डेरा जमाये है और आज उनके द्वारा ठाकरे नगर, विद्यानगर और यन वन वार्ड में बूथ प्रभारी की बैठक कर मार्गदर्शन दिए, छत्तीसगढ़ के चुनाव का अनुभव साझा करते हुए सभी को कहा की लाड़की बहिन योजना का प्रचार प्रसार घर घर तक पहुंचे और मतदाता पर्ची का वितरण दो बार घर घर पहुचे साथ साथ युवा और महिला मतदाता को अपने पक्ष मे ज्यादा मतदान करें ऐसी अपील किया।

मोदी जी की योजना से लाभार्थी तक घर-घर पहुंच प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस मुफ्त में आनाज कोरोनाकॉल में लगे वेक्सीन की चर्चा मतदाताओं के मध्य करते हुए बूथ प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी की लगातार बैठक कर रहे है। इस अवसर पर श्री भारती के साथ मध्यप्रदेश के प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्याम महाजन विधानसभा विस्तारक महेश मालतकर, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, संजय बोराड़े, चंद्रकांत चुराड़े, विधानसभा महिला मोर्चा प्रभारी वर्षा ताई सालूखे, निवास कुलकर्णी, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर महामंत्री रामजी भारती का साल श्री फल से स्वागत किया गया।

# सायबर अभियान के तहत पुलिस द्वारा आमजनों को किया गया जागरुक



डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस विभाग के द्वारा नवा बिहान सायबर जन-जागरुकता पखवाड़ा के तहत मां बम्लेश्वरी छीरपानी शेड में आमजनों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग से अखिल अम्बादे ने सायबर जन-जागरुकता के तहत आमजनों को बताया गया की यदि कोई अनजान व्यक्ति आपको कॉल मेसेज कर लुभावना आफर देता है या आपके किसी सर्विस के ब्लॉक होने का भय दिखाता है।आपकी किसी एग्जिस्टिंग सर्विस, ऑनलाइन खरीददारी या व्यक्तिगत जानकारी देकर आपको विश्वास में लेता है तो सचेत हो जाएं आप साइबर ठगी के शिकार हो सकते है।

किसी भी अंजान व्यक्ति को फोन पर अपनी निजी जानकारी जैसे आधार नम्बर, पैन कार्ड का नम्बर, एटीएम कार्ड नम्बर ओ.टी.पी आदि साझा ना करें। बीमा फाइनेंस किस्त लोन के वाई सी अपडेट सीम ब्लॉक होना लॉटरी या लक्की ड्रा जैसे फोन कॉल मेसेज के झांसे में न आए। लोन ऐप के झांसे में न आए। ये बाद में आपको ब्लैक मेल करते हैं। अनजान नम्बर से आए लिंक को कभी क्लिक ना करें। आपका फोन हैक हो सकता है। अनजान नंबर के वीडियों कॉल न उठाएँ। फोन उठाते ही आप ब्लेक मेलिंग के शिकार हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर अंजान व्यक्ति से दोस्ती करने से बचे। सोशल मीडिया पर साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली खबरों से बचे व बिना जांचे फॉरवर्ड न करें। यदि कोई कोन कॉल के माध्यम से यह बोले की आपका बच्चा रेप केस में फंस गया है तो हो जाए सावधान।घबराए नहीं नजदीक पुलिस या साइबर सेल से संपर्क करें। किसी अंजान व्यक्ति द्वारा आपका परिचित बनकर आपके खाते में राशि भेजने का झांसा देकर ठगी कर सकता है। सोशल साईट में पार्ट टाइम नौकरी, घर बैठे काम, पैन्सील पैकिंग जैसे झांसे में ना आए। किसी भी व्हाट्सअप या टेलीग्राम ग्रुप से जुडकर शेयर मार्केट में निवेश करने से बचे। व्हाट्सअप पर आए किसी किसी के कहने पर कॉल फॉरवर्ड शॉर्ट कोड जैसे-401-91 2191 की अपने मोवाईल में डायल ना करें। इस जागरुकता अभियान के तहत पुलिस के द्वारा लगाए गए एक दिवसीय शिविर में आमजन उपस्थित रहकर सायबर जन जागरुकता का लाभ लिया शिविर में पूर्व पार्षद रमन डोंगरे सुरेश अंबादे निखिल अंबादे गिरीश साहू मंजीत सहीत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## मकान मालिकों को किरायेदार की जानकारी देने पुनः अपील, पुलिस की अपील पर मकान मालिकों से मिल रहा लगातार सहयोग

### किरायेदार की जानकारी पुलिस में नहीं देने पर होगी कानूनी कार्यवाही

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में जिला केसीजी के समस्त थाना/ चौकी क्षेत्रों में अपराध की रोकथाम एव संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक हेतु जिला के बाहर दीगर जिला एवं अन्य राज्यों से आकर रहने वाले व्यक्तियों की लगातार भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है । जिसके तारतम्य में बुधवार 9 अक्टूबर को जिला केसीजी के सभी मकान मालिको से अपील किया गया है, कि यदि उनके मकान में कोई व्यक्ति किराये में निवास करता है। तो उसकी सम्पूर्ण बायोडाटा की जानकारी प्रोफॉर्मा में जिसमे किरायेदार का नाम, पता, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र, फोटोग्राफ आदि एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने अपने क्षेत्र के संबंधित पुलिस थाना/चौकी में शुक्रवार 25 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से जमा करें। जिस पर जिला केसीजी अंतर्गत मकान मालिकों ने थाना/चौकी क्षेत्र में किरायेदार की जानकारी प्रोफॉर्मा में जमा करने से लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है, किंतु अभी भी कुछ मकान मालिकों के द्वारा किराएदार की जानकारी थाना में जमा नही किया गया है। जिला केसीजी पुलिस के द्वारा पुनः अपील किया जाता है, कि किरायेदार की जानकारी पुलिस थाना में अविलंब जमा करे उसके पश्चात यदि किसी मकान मालिक के द्वारा किरायेदार की जानकारी पुलिस को नही दी गयी और जांच में पाया जाएगा तो मकान मालिक सहित किराएदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किया जाएगा।

## सड़क पर कब्जा करने वाले के खिलाफ शिकायत लेकर पालिका पहुंचे वार्डवासी

डोंगरगढ़ (दावा)। मकान निर्माण करने के अलावा लोग आसपास की नीजि भूमि पर कब्जा करने लगे है। कालकापारा निवासी वन विभाग के कर्मचारी अलफ्रेड जोसफ सहित सुशीलबाई, शंकरकुमार, आशाराम, किरणबाई, कैलाश, रमेश, परमजीत सिंह, राजन भास्कर ने सीएमओ को ज्ञापन देकर बताया कि वार्ड 10 में एक हितग्राही आवास योजना के तहत मकान बनाने के बाद कब्जा कर बाउंड्रीवाल बना रहा है। मुख्य मार्ग पर कब्जा करने की शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं किया गया है। श्री जोसफ ने बताया कि मार्ग अवरूद्ध होने से लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा।

## कृषि विश्वविद्यालय में 22 से 25 तक आयोजित होगा एग्री कार्नीवाल 2024

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा 22 से 25 अक्टूबर, 2024 तक चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल - 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 23 अक्टूबर को अपरान्ह 03 बजे एग्री कार्नीवाल 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी'' का शुभारंभ करेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। इस अवसर पर सांसद रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरसींवा श्री अनुज शर्मा, विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोती लाल साहू एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल - 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के प्रतिनिधि, कृषि मशिनरी एवं कृषि उत्पाद निर्माता कम्पनियां, स्टार्टअप्स उद्यमी, कृषक उत्पादक संगठन, महिला स्व-सहायता समूह, विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे। राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण करवाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनमें प्रथम दिवस 22 अक्टूबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 2000 से अधिक विद्यार्थि शामिल होंगे।

इस अवसर पर 20 से अधिक निजी कम्पनियों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा एवं रोजगार प्राप्त करने की दिशा में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। प्रथम दिवस उद्योग-शिक्षण संस्थाओं का सम्मेलन एवं अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा मेला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करे की दिशा में मार्गदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर स्व-रोजगार एवं स्टार्टअप पर आधारित कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्टार्टअप विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं स्टार्टअप स्थापित करने हेतु मिलने वाली अनुदान के बारे में स्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। द्वितीय दिवस 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ से कृषि उत्पादों के निर्यात पर संगोष्ठी, आधुनिक पादप प्रजनन तकनीक एवं डाटा एनालिसिस पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण तथा जैव विविधता पर प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 24 अक्टूबर 2024 को क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर एवं प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

# भंडारी ने सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत अपने रिफलर कोड से 137 सदस्यों को भाजपा से जोड़ा



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा युवा नेता विवेक मनु भंडारी ने भारतीय जनता पार्टी के 'सक्रिय सदस्यता अभियान' के अंतर्गत सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में,अपने रिफलर कोड से 137 सदस्यों को भाजपा से जोड़ा और सभी दस्तावेज कागज डोंगरगढ़ शहर सक्रिय सदस्यता प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाशचंद्र चौरड़िया के समक्ष प्रस्तुत किया। मोनू भंडारी ने बताया कि, सदस्यता अभियान के दौरान, डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, प्रबुद्धजन, व्यापारी, किसान, मजदूर, महिला, युवाओं का बेहतर प्रतिसाद मिला। देखकर बहुत खुशी हुई कि कभी भी किसी एक मात्र ने यह नहीं कहा कि नहीं मुझे भाजपा सदस्यता में नहीं जुड़ना बल्कि कई बार लोग चल कर आए मुझे जोड़ो मैं भी भाजपा से जुड़ना चाहता हूँ, कई वरिष्ठजन फोन करके अपने घर बुलाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

यह सब देखकर लगता है मानो भारतीय जनता पार्टी का कोई विशेष अनुष्ठान चल रहा हो जिसमें स्वतः लोग अपने सहयोग की आहुति दे रहे हो। आइए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सक्रिय सदस्य के रूप में राष्ट निर्माण के इस अभियान का हिस्सा बनें।

# युवक के लापता होने पर परिजन व परिचित परेशान



डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ मार्ग पर स्थित कर्बला चौक निवासी युवक के विगत तीन दिनों से लापता होने पर परिजन व परिचित परेशान है। परिवार की ओर से बताया गया है कि, थॉमस नयगम उर्फ राजा 8-17 अक्टूबर की सुबह काम पर जा रहा हूं बोलकर सुबह 10 बजे घर से निकला था। अभी तक घर नहीं आया है। परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दी गई है। घर पर इसकी एक छोटी बहन है जो भाई के लिए बहुत परेशान है। युवक गुलाबी कमीज काला पैंट पहना हुआ है। सिर पर बाएं ओर आप्रेशन हुआ निशान है। रंग गोरा हल्की दाढ़ी मूछ है। शांत स्वभाव का लड़का है।

# विजय दशमी पर डोंगरगढ़ नगर में निकला भव्य पथ संचलन

## नगर में विभिन्न स्थानों पर अनेकों संगठनों ने किया पुष्प वर्षा से स्वागत



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डोंगरगढ़ खंड द्वारा विजया दशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया जिसमें पूरे खंड एवं नगर से 160 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सम्मिलिति हुए जिसमें मुख्य वक्त के रूप में श्री नेमराज जी वर्मा ( सह संपर्क प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रांत) का उद्बोधन प्राप्त हुआ।

साथ ही नगर में विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय सेविका समिति, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजपूत समाज, दुर्गा पूजा उत्सव समिति (बंगाली समाज), हनुमान भक्त युवा समिति, गोल बाजार व्यापारी संघ,भारतीय जनता पार्टी, कर्तव्य फाउंडेशन,पाटिल परिवार थाना चौक, महाकाल भक्त समिति, दम्मानी परिवार, सब्जी मंडी व्यापारी संघ एवं अन्य हिन्दू संगठनों द्वारा अलग अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में आमंत्रित हुए प्रो.राजन यादव




खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में हिंदी विभाग के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो.राजन यादव को महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए, गुरुवार 17 से शनिवार 19 अक्तूबर तक मध्यकालीन हिन्दी साहित्य-सामाजिक स्वरूप एवं लोकरंग विषय पर आयोजित इस अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में आठ देशों-बुल्गारिया, इटली, इंग्लैण्ड, मारीशस, मलेशिया, आस्ट्रिया एवं ट्रिनिडाड के साहित्यकार सहभागी थे।

भारत के अनेक महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने भी प्रतिभागिता की। संगोष्ठी के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में प्रो. राजन यादव ने गुरु गोरखनाथ से लेकर पद्माकर तक शास्त्रीय रचनाओं के साथ लोकभजनो को सस्वर प्रस्तुत करके बताया कि मध्यकालीन भक्त, कवि और गायक भी थे। भक्तिकाल आध्यात्मिक चिंतन साधना और काव्य सृजन का शिखर रहा है। इसी युग में समग्र मध्यकालीन चिन्तन के प्रेरक स्वामी रामानंद अवतरित हुए। इस सत्र के मुख्य अतिथि जय वर्मा इंग्लैण्ड, अध्यक्ष प्रो. राजकुमार पांडेय, सारस्वत वक्ता प्रो सत्यपाल शर्मा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अमरजीत राम ने एवं आभार व्यक्त डॉ. ज्योति दुबे ने किया। आरंभ में प्रो. राजन यादव को अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह संगोष्ठी के संयोजक डॉ.हरीश ने भेंट किया।

# बुद्ध के मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित करना होगा - भदंत जीवक

## दंतेश्वरी पारा में वर्षावास का समापन, धम्म देशना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए अनुयायी



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के दंतेश्वरी पारा वार्ड नंबर 2 में त्रिरत्न बुद्ध विहार व सुजाता महिला बौद्ध समिति के द्वारा एक दिवसीय धम्म देशना व वर्षावास समापन केअवसर पर धम्म गुरु भिक्खु संघ से भदंत धम्मतप सननांदगांव, भदंत जीक्क भिलाई, भदंत धम्म रक्षित काटोल महाराष्ट्र, भदंत महेंद्र राजनांदगांव, भंते नागरत्न द्वारा धम्म देशना दिया गया। इसके पूर्व धम्म गुरुओं ने तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती प्रज्वलित की।

भदंत जीवक ने कहा कि भिक्खू संघ का कार्य धम्म का प्रचार-प्रसार करना है। बुद्ध के अनुयायिओं को बुद्ध के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है। तभी बाबा साहब अंबेडकर का सपना पूरा होगा। भदंत धम्मतप ने कहा कि हमारी लड़ाई हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। बाबा साहब को बुद्ध धम्म लिए लगभग 68 साल हो गए, लेकिन आज तक भारत में बौद्धों की संख्या एक प्रतिशत भी नहीं है। जबकि हम सब अपने आप को बौद्ध कहते है। किंतु सरकारी रिकार्ड में हमारी जनसंख्या बहुत कम दिखती है। इसलिए हमें इस बार होने वाली जनगणना में बौद्ध लिखवाना होगा।

### बुद्ध के बताए मार्ग में चलकर व्यक्ति अपने दुखों से मुक्त हो सकता है - धम्म गुरु

धम्म देशना के दौरान भदंत धम्म रक्षित, भदंत महेंद्र व भदंत नागरत्न ने भी संबोधित करते हुए कहा कि बुद्ध धम्म का मार्ग मध्यम है। इस मार्ग में चलकर हर व्यक्ति अपने दुखों से मुक्त हो सकता है। भगवान बुद्ध का धम्म उनके जीवन का सार है- भगवान बुद्ध ने शीलों का निर्माण कर उसके पालन करने के नियम बताया जिसका सामान्य जीवन में प्रयोग कर एक सुखमय जीवन की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। भगवान बुद्ध का धम्म उनके जीवन का सार है।जिससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। बौद्ध धम्म में दान परमिता का बड़ा महत्व होता है। भिखु संघ को शांति दूत कहा जाता है। कार्यक्रम में बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुनालाल नंदेश्वर, भीम सेना अध्यक्ष शुभम बौद्ध, राधिका जंघेल, एच.के. आजाद, अमिताफ दुफारे, चन्दना भावे, सविता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, ललिता खांडेकर, भूमिका रामटेके, अरुणा गजभिए, अनीता मेश्राम, राखी खोबरागड़े, शांता बाई चंद्रिकापुरे, निधि चंद्रिकापुरे, वंदना कुंभलवार सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिला पंचायत की टीम द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय, तकनीकी, आवास की पात्रता और आवास निर्माण के नियम एवं शर्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही अभिसरण के माध्यम से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष, सीईओ, एडिशनल सीईओ सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में शिशु मंदिर खैरागढ़ के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी



खैरागढ़ (दावा)। विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजनानुसार 35 वॉ प्रांतीय एवं क्षेत्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता शनिवार 13 से बुधवार 16 अक्टूबर को जांजगीर नैला में संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ के भैया बहिनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाल वर्ग में बहिन अंडर 14 की टीम ने प्रथम स्थान, तरुण वर्ग बहिन अंडर 19 की टीम ने प्रथम स्थान तथा भैया अंडर 19 की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर, विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के खेल विभाग प्रमुख आचार्य हेमंत बन गोस्वामी के द्वारा बताया गया कि ये सभी भैया बहिन आगामी नवंबर माह में खुर्जा, उत्तरप्रदेश में होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्यक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय में इन सभी भैया बहिनों का सम्मान किया गया तथा प्राचार्य जितेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा भैया बहिनों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## पहला कॉलम...

### साउथ सुपरस्टार की मां का निधन

नई दिल्ली. साउथ के सुपरस्टार और कन्नड़ फिल्मों के मशहूर एक्टर किच्चा सुदीप पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. आज सुबह यानी 20 अक्टूबर को एक्टर की मां ने दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया. किच्चा सुदीप की मां ने जयनगर के अपोलो अस्पताल में सुबह करीब 7 बजे अंतिम सांसें लीं. वो यहां उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का काफी लंबे समय से इलाज करा रही थीं. किच्चा सुदीप अपनी मां के बेहद करीब थे और उनके चले जाने से एक्टर बुरी तरह गम में डूब गए हैं. इस मुश्किल वक्त में इंडस्ट्री के उनके दोस्तों और फैंस ने उनका मनोबल बढ़ाया है. ये खबर सामने आते ही कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में शोक लहर दौड़ पड़ी है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक किच्चा सुदीप अपनी मां के आखिरी पलों में उनके साथ थे. कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एक्स (ट्विटर) पर किच्चा सुदीप के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की. उन्होंने एक्टर की उनकी मां के साथ एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, च्एक्टर किच्चा सुदीप की मां श्रीमती सरोजा के निधन की खबर सुनकर दिल टूट गया. मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले और भगवान सुदीप और उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें.ओम शांति. किच्चा सुदीप अपनी मां के साथ अक्सर फोटोज शेयर करते रहते थे. वो उनके जन्मदिन और किसी भी खास मौके पर अपनी मां के साथ प्यार भरी तस्वीरें साझा करते थे.

### विस्तारा, अकासा के विमानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

पुणे । विस्तारा एयरलाइन को फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली है. विमान सिंगपुर से पुणे आ रहा था. बम की धमकी मिलने के बाद पुणे एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है. वहीं, अकासा एयर की लखनऊ से मुंबई जाने वाली फ्लाइट में भी बम होने की कॉल आई. इसके बाद अकासा के विमान की भी इमरजेंसी लैंडिंग कराई जा रही है. इससे पहले शनिवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी मिली. सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये शनिवार को जिन 30 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई थी, उनमें से छह को तय समय पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सुरक्षित रूप से उतार लिया गया. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि धमकी वाले पोस्ट एक ही 'एक्स' अकाउंट से किए गए थे और गहन जांच के बाद इन्हें 'अफवाह' एवं 'अस्पष्ट' करार दिया गया.उन्होंने कहा कि 'अदहा' नाम के उपयोगकर्ता के 'एक्स' अकाउंट से किए गए धमकी वाले पोस्ट में कई विमानन कंपनियों की उड़ानों का जिक्र किया गया था, लेकिन इनमें से महज छह को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरना था.

### दिल्ली को दहलाने की थी साजिश? सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुआ धमाका

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार की सुबह सीआरपीएफ स्कूल के बाहर धमाका हुआ। धमाके के बाद जांच जारी है, इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया है कि धमाके के बाद किसी साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता है। दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और बड़े बाजारों में सुरक्षा बढ़ाई गई है। दीवाली को लेकर अभी बाजारों में भीड़भाड़ चल रही है, ऐसे में ऐसी साजिश की आशंका ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। धमाके को लेकर गहन जांच चल रही है। दिल्ली स्कूल धमाके के केस में सीआरपीएफ के आला अधिकारियों ने मौका ए वारदात का दौरा किया और इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही गृह मंत्रालय को भी सौंपी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां सीआरपीएफ स्कूल के सामने हुए इस धमाके की वारदात को बेहद गंभीरता से ले रही हैं और जल्द ही इस मामले को लेकर तैयार की गई रिपोर्ट के बाद सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े ऐसे जितने भी संस्थान हैं उनकी सुरक्षा व्यवस्था को रिव्यू किया जाएगा। सीआरपीएफ स्कूल के आसपास के कई किलोमीटर में मौजूद मोबाइल टॉवर पर कल रात से लेकर आज सुबह 9 बजे तक कितने फोन कॉल्स हुए इसका डेटा खंगाला जा रहा है।

### फिर बढ़ सकती है सीएनजी के दाम!

मुंबई । सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में 4 से 6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए छ्हत्न और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है। मामले की जानकारी रखने वाले चार सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है।

# भारत में 36 साल बाद जीता न्यूजीलैंड 8 विकेट से नाम किया बेंगलुरु टेस्ट

नई दिल्ली। टीम इंडिया को हराकर न्यूजीलैंड ने बेंगलुरु टेस्ट जीत लिया है. इसी के साथ कीवी टीम ने इतिहास भी रचा. उसने 36 साल बाद भारतीय जमीन पर टेस्ट मैच में अपनी जीत की स्क्रिप्ट लिखी. न्यूजीलैंड ने साल 1988 में आखिरी बार भारत में टेस्ट मैच जीता था. मुंबई के वानखेड़े मैदान पर मिली उस जीत के बाद ये पहली बार है, जब कीवी टीम ने भारत में अपनी टेस्ट जीत का पताका फहराया है. न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को बेंगलुरु टेस्ट में 8 विकेट से हराया. इसी के साथ उसने 3 टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली.



भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य रखा था. कीवी टीम के पास इस स्कोर को हासिल करने के लिए हाथ में 10 विकेट और पूरे दिन का खेल बचा था. ऐसे में वो जीत का प्रबल दावेदार था. और हुआ भी ठीक वैसा ही. न्यूजीलैंड ने सिर्फ 2 विकेट गंवाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया.

न्यूजीलैंड को विल यंग और रचिन रवींद्र ने मिलकर ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया. ये 21वीं सदी में भारतीय मैदान पर न्यूजीलैंड की पहली जीत है. ऐसा इसलिए क्योंकि 1988 में आखिरी जीत दर्ज करने के बाद न्यूजीलैंड कभी भारत में कोई टेस्ट जीता ही नहीं था. लेकिन, उसका वो इंतजार अब थम चुका है.

#### 45वीं बार किया ये कमाल

बेंगलुरु में भारत को हराकर न्यूजीलैंड ने एक और कमाल किया. पहली पारी में 200 प्लस रन की बढ़त लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में उसने अपनी 45वीं जीत दर्ज की. न्यूजीलैंड ने अब तक 59 टेस्ट की पहली पारी में 200 प्लस रन की बढ़त ली है और उसे किसी में भी हार का सामना नहीं करना पड़ा है. उन 59 में 45 उसने जीते तो 14 मुकाबले ड्रॉ कराए हैं.

#### भारत-न्यूजीलैंड बेंगलुरु टेस्ट का हाल

बेंगलुरु टेस्ट के पूरे रोमांच की बात करें तो भारत की पहली पारी 46 रन पर सिमटने के बाद न्यूजीलैंड ने 402 रन का टोटल अपनी फर्स्ट इनिंग में खड़ा किया. कीवी टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में रचिन रवींद्र की बड़ी भूमिका रही, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर का दूसरा , भारत के खिलाफ पहला और विदेशी जमीन पर भी पहला शतक जड़ा. न्यूजीलैंड को पहली पारी में 356 रन की बढ़त मिली. सरफराज खान के शतक और ऋषभ पंत की 99 रन की दमदार पारी की बदौलत भारत न्यूजीलैंड की बढ़त से तो उबर गया पर अपनी हार नहीं टाल पाया.

## इजरायल ने हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय को उड़ाया; चार अहम लोगों की मौत

एएनआई, तेल अवीव। इजरायल की सेना ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हमले का बदला ले लिया है। इजरायली सेना ने दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया। इस हमले में हिजबुल्लाह के तीन बड़े लीडर मारे गए हैं।इजरायल की सेना के मुताबिक हवाई हमले में एल्हाग अब्बास सलामेह, राचा अब्बास इचा और अहमद अली हसीन मारा गया है। हिजबुल्लाह के एक भूमिगत हथियार कार्यशाला को भी निशाना बनाया गया है।

उधर, इजरायली हमलों से हिजबुल्लाह अभी पस्त नहीं हुआ है। वह लगातार इजरायल को निशाना बना रहा है। आईडीएफ के मुताबिक 378 दिनों से हिजबुल्लाह के हमले इजरायल पर जारी हैं। पिछले एक हफ्ते से उत्तरी इजरायल में लगातार सायरन बज रहे हैं। हिजबुल्लाह के हमलों से इजरायली नागरिक दहशत में हैं। यही वजह है कि सेना को हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले करने पड़ रहे हैं।अल जजीरा के मुताबिक उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में इजरायल ने बड़ा हमला किया है। दावा है कि हमले में 73 लोगों की जान गई है। कई लोग मलबे में फंसे हैं। हालांकि इजरायली सेना ने मृतकों के आंकड़े पर संदेह व्यक्त किया है। गाजा के सरकारी मीडिया के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उधर, 16 दिनों से चल रही इजरायली सैन्य घेराबंदी ने उत्तरी गाजा के लोगों के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। यहां भोजन, पानी और दवा जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी सताने लगी है। गैर-सरकारी संगठन ऑक्सफैम के मुताबिक दक्षिणी गाजा पट्टी में भी एक हमला हुआ है।

# हार के बावजूद भारत टॉप पर, फाइनल में पहुंचने के लिए जीतने होंगे इतने मैच





| टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 12 | 8 | 3 | 1 | 98 | 68.06% |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50% |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.56% |
| न्यूजीलैंड | 9 | 4 | 5 | 0 | 48 | 44.44% |
| इंग्लैंड | 18 | 9 | 8 | 1 | 93 | 43.06% |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89% |
| बांग्लादेश | 8 | 3 | 5 | 0 | 33 | 34.38% |
| पाकिस्तान | 9 | 3 | 6 | 0 | 28 | 25.93% |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52% |

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलुरू में खेले गए पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत इस तरह तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-1 से पीछे हो गई है। न्यूजीलैंड ने 36 साल भारत के खिलाफ उसी की जमीन पर कोई टेस्ट मैच जीता है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में क्वालिफाई की जुगत में लगी भारतीय टीम को इस हार से थोड़ा झटका लगा है, लेकिन भारत अब भी डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

कीवी टीम ने 36 साल बाद भारत में कोई टेस्ट जीता है। इससे पहले 1969 में न्यूजीलैंड ने भारत को ग्राहम डॉलिंग की कप्तानी में नागपुर में 167 रन से हराया था। वहीं, 1988 में वानखेड़े में जॉन राइट की कप्तानी मे न्यूजीलैंड ने भारत रो 136 रन से हराया था। पहली बार कीवी टीम चेज करते हुए जीती है। इसी के साथ भारत के टेस्ट में लगातार जीत का सिलसिला भी टूट गया। भारत ने इस मैच से पहले अपने घर में ही लगातार छह टेस्ट जीते थे। 25 जनवरी को इंग्लैंड ने हैदराबाद में टीम इंडिया को 28 रन से हराया था। इसके बाद भारत ने लगातार छह मैच जीते। अब यह सिलसिला टूट गया है। इतना ही नहीं 24 साल बाद किसी मेहमान टीम ने भारत में 100+ रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया है। पिछली बार ऐसा साल 2000 में हुआ था। तब दक्षिण अफ्रीका ने वानखेड़े में भारत के खिलाफ 164 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले दिन का खेल पूरी तरह से बारिश से धुल गया था। उस दिन टॉस भी नहीं हो सका था। दूसरे दिन टॉस हुआ और भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। रोहित का यह फैसला गलत साबित हुआ और भारत की पहली पारी 46 रन पर सिमट गई। भारतीय बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और टीम के 11 खिलाड़ी मिलकर 50 रन भी नहीं बना सके।

भारत के लिए डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की राह थोड़ी कठिन जरूर हो गई है, लेकिन उसके पास अभी भी वापसी करना का मौका है। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ अभी दो टेस्ट मैच और खेलने हैं जिसके बाद उसे अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यानी उसे अभी सात मैच खेलने हैं जिसमें से डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में शीर्ष दो में बने रहने के लिए उसे पांच मैच हर हाल में जीतने होंगे। भारत अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष दो मैच और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैच भी जीतने में सफल रहा तो अगले साल होने वाले डब्ल्यूटीसी के फाइनल में जगह बना लेगा।

## देश छोड़ने पर सरकार आपको देगी 28 लाख रुपये

नई दिल्ली। दूसरे देश जाने वालों के लिए खास ऑफर है। अगर देश छोड़कर जाना चाहते हैं तो इसके लिए वहां की सरकार 28 लाख रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से बोनस दे रही है। मगर शर्त यही है कि फिर आप दोबारा लौटकर नहीं आएं। यह सुनकर आपको भले ही अजीब लग रहा होगा, लेकिन ऐसे ऑफर एक देश ने अपने यहां बढ़ती रिफ्यूजियों की भीड़ को लेकर दिया है। शरणार्थियों ने कई देशों का बेड़ा गर्क कर रखा है। ऐसे में उन्हें देश से निकालने का कोई उपाय नहीं सूझ रहा। इसलिए ऐसे ऑफर देने पड़ रहे हैं। आइये अब आपको बताते हैं कि यह ऑफर किस देश का और किसके लिए है?



बता दें कि यूरोपीय देश स्वीडन इन दिनों शरणार्थियों की भीड़ से सबसे ज्यादा तंग है। स्वीडन को आशंका है कि बाहरी भीड़ कहीं उनके देश के कल्चर हो ही खत्म न कर दे। इसके अलावा इनकी वजह से रहने और खाने-पीने से लेकर रोजगार जैसी तमाम समस्याएं पैदा हो रही हैं। देश में शरणार्थियों की वजह से अपराध भी बढ़ रहे हैं। इनमें ज्यादातर शरणार्थी अवैध तरीके से देश में घुसे हुए हैं। स्वीडन में कुल आबादी के 8 फीसदी से ज्यादा लोग शरणार्थी हैं। अब उन्हें देश से बाहर निकाल पाना स्वीडन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

इसलिए स्वीडन की सरकार ने उनका देश छोड़कर हमेशा के लिए वापस जाने वाले शरणार्थियों को 28 लाख रुपये का ऑफर दे रही है। मगर शरणार्थियों की समस्या से सिर्फ स्वीडन ही परेशान नहीं है। आइये आपको बताते हैं कि बाहरी देश के लोगों की बढ़ती भीड़ और शरणार्थियों से सबसे ज्यादा परेशान देश कौन से हैं? इटली से लेकर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, चेकोस्लाविया, कनाडा,डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, बेल्जियम, बोस्निया, बुल्गारिया, जॉर्जिया, डेनमार्क और अमेरिका जैसे देशों में बाहरियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। इन देशों में सबसे ज्यादा संख्या अवैध प्रवासियों की है। सबसे ज्यादा शरणार्थियों में यहां एशियाई और अफ्रीकी मूल के देश हैं, जो बेहतर जीवन की तलाश में यूरोप जाते हैं। आंकड़ों के अनुसार इन देशों में सबसे ज्यादा संख्या मुस्लिम शरणार्थियों की है। ऐसे में यूरोपीय देश परेशान हो गए हैं।

## सरसों, मूंगफली और सोयाबीन समेत कई तेलों की थोक कीमतों में आई गिरावट

मुंबई। खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने और कल रात शिकागो एक्सचेंज के कमजोर बंद होने के कारण देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही। सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल एवं पामोलीन व बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। शिकागो एक्सचेंज कल रात 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता बंद हुआ था, जिसकी वजह से भी सभी तेल-तिलहन में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नाफेड की बिकवाली के जारी रहने के साथ साथ किसानों द्वारा अपना माल निकालने से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट है। मूंगफली सहित सूरजमुखी, सोयाबीन आदि फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे दाम पर बिक रही हैं, जिसकी वजह से मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट है। कल रात शिकागो एक्सचेंज के कमजोर रहने के असर से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट है। गिरावट के आम रुख के अनुरूप बिनौला तेल के दाम भी टूट गये। सूत्रों ने कहा कि जो खाद्य तेल-तिलहन कारोबार के समीक्षक खाद्यतेलों के आयात शुल्क में वृद्धि के बाद खाद्यतेलों के मंहगा होने की आशंका जाहिर कर रहे थे, वह निर्मूल साबित हुई है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 21 अक्टूबर 2024 )

| कल्याण | | | | | राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 | सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 74 | 80 | 92 | 08 | | 29 | 31 | 47 | 51 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 | मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 86 | 96 | 06 | 12 | | 35 | 43 | 53 | 69 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 | बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 98 | 04 | 14 | 20 | | 41 | 57 | 67 | 71 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 | गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 02 | 18 | 28 | 32 | | 59 | 65 | 73 | 89 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 | शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 10 | 26 | 34 | 40 | | 63 | 75 | 87 | 91 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 | | | | | |
| | 24 | 36 | 48 | 52 | | | | | |





| कल्याण | | | | | राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 9 | अंकों का बादशाह | | | | 2 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 8 | सप्ताह का वरदान | | | | 3 |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 | सप्ताह में अचूक | 4 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 22 | 30 | 46 | 76 | स्पेशल | 49 | 79 | 85 | 93 |

**सप्ताह में देखें**

| कल्याण | | | | | राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 | 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 | 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 | 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 | 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 | 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 | 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | '79 | 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 | 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 | 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 | 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | | राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | 82 | 34 | 70 | 57 | 03 | 79 | 57 | 90 | 00 | 49 |
| 85 | 64 | 47 | 87 | 85 | 97 | 42 | 13 | 56 | 08 | 47 |
| 58 | 06 | 51 | 13 | 74 | 39 | 39 | 70 | 84 | 10 | 67 |
| 91 | 35 | 82 | 53 | 56 | 07 | 11 | 04 | 45 | 01 | 33 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-19-10-22-43-61-68-71-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-26-35-30-44-59-62-65--69-73-88-89-92-94

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**0 जब समाधान नहीं मिला तो भगवान के....**

रोज भगवान से प्रार्थना करता हूं। गौरतलब है कि नवंबर 2019 में अयोध्या भूमि विवाद पर फैसला सुनाने वाली पीठ में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस अशोक भूषण, न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल थे। सभी पांच जजों के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ हुआ था।

शीर्ष अदालत ने मालिकाना हक को लेकर कहा, एक ट्रस्ट का गठन कर विवादित भूमि पर राम मंदिर निर्माण होगा, जबकि मस्जिद के लिए सरकार वैकल्पिक जगह की पहचान कर पांच एकड़ जमीन आवंटित करेगी। अदालत के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पांच अगस्त, 2020 को भूमि पूजन किया था। इसके बाद 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी। वहीं सीजेआई ने इस साल जुलाई में अयोध्या में राम मंदिर का दौरा किया था और प्रार्थना की थी।

**0 भाजपा के 99 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी...**

राज्य भाजपा प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले कामठी से, मंत्री गिरीश महाजन जामनेर से, मंत्री सुधीर मुनगंटीवार बल्लारपुर से, अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया अशोक चव्हाण भोकर से, आशीष शेलार वांड्रे वेस्ट से, मंगल प्रभात लोढ़ा मालाबार हिल से चुनाव लड़ेंगे। कोलाबा से राहुल नार्वेकर, सतारा से छत्रपति शिवेंद्र राजे भोसले। केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दान्वे के बेटे संतोष को बीजेपी ने भोकरदान से कैंडिडेट बनाया है।

**कई विधायकों को मिला दोबारा मौका**

मुलुंड से मौजूदा विधायक मिहिर कोटेचा को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है और तीन बार के विधायक राम कदम फिर से मुंबई की घाटकोपर पश्चिम सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के मुंबई प्रमुख आशीष शेलार वांद्रे पश्चिम से और राज्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल कोथरुड से चुनाव लड़ेंगे। सुभाष देशमुख को पार्टी ने सोलापुर से मैदान में उतारा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश राणे कंकावली से चुनावी मैदान में उतरेंगे।

## प्रथम पेज का शेष

**0 ममता सरकार से बैठक के लिए तैयार....**

खत्म नहीं की जाएगी। बैठक में होने वाले निर्णयों के बाद ही फैसला होगा कि प्रदर्शन किस रूप में जारी रहेगा।

बता दें कि मुख्य सचिव मनोज पंत ने जूनियर डॉक्टरों को सोमवार को सीएम ममता बनर्जी से 45 मिनट की चर्चा के लिए राज्य सचिवालय बुलाया है। हालांकि, इसके लिए भूख हड़ताल खत्म करने की शर्त रखी गई है। इस बीच जूनियर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम के इस्तीफे की मांग जारी रखी है।

**पांच अक्तूबर से हड़ताल पर कई जूनियर डॉक्टर**

हल्दर ने भूख हड़ताल में शामिल होने वालों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की और बताया कि मौजूदा समय में भूख हड़ताल कर रहे आठ डॉक्टरों में से तीन पांच अक्तूबर से, दो 11 अक्तूबर से, एक 14 अक्तूबर से और दो 15 अक्तूबर से हड़ताल पर हैं। भूख हड़ताल करने वाले छह अन्य चिकित्सक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने भी शनिवार को एस्प्लेनेड स्थित धरनास्थल का दौरा किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फोन के जरिए प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से बात करते हुए कहा था, ''हर किसी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन इसका असर स्वास्थ्य सेवाओं पर नहीं पड़ना चाहिए। मैं आप सभी से अनुरोध करूंगी कि आप अपनी भूख हड़ताल वापस ले लें।''आंदोलनकारी चिकित्सकों के साथ राज्यभर के उनके सहकर्मी भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 22 अक्तूबर को पश्चिम बंगाल में सभी चिकित्सा पेशेवरों की हड़ताल आयोजित कर विरोध और तेज करेंगे।

**0 बहराइच हिंसा : हाईकोर्ट ने दी राहत....**

ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया गया था जिसके बाद से कस्बे में हड़कंप की स्थित है। हालांकि बीते दो दिनों में कुछ परिस्थितियां बदली हैं और लोगों की दुकानें खुलने लगी हैं। रविवार को महराजगंज कस्बे की मुख्य बाजार में कई दुकानें बंद रही। वहीं यही हाल कस्बे के अंदर गलियों में स्थित बाजार का भी रहा।महराजगंज की घटना के बाद रमपुरवा, खैरीघाट, राजीचौराहा, भगवानपुर चौराह आदि बाजारें भी प्रभावित हुई थीं। लेकिन अब यहां स्थिति लगभग सामान्य हो गई है। रविवार को सभी बजारों में रौनक बढ़ी दिखी। लोगों की भीड़ बजार में उमड़ी और लोगों ने सामान्य दिनों की भांति ही खरीदारी की। साथ ही चाय की टपरियों व होटलों पर भी रौनक रही।


**प्रशासन पर पक्षपात का भी लग रहा आरोप**

अतिक्रमण की बात कहकर लोक निर्माण विभाग ने कस्बे के 23 घरों पर नोटिस चस्पा किया है। इसको लेकर पक्षपात के भी आरोप लगा रहे हैं। कस्बा निवासी मोहम्मद शकील ने आरोप लगाया कि सिर्फ 23 लोगों के घर पर नोटिस चस्पा किया गया है जबकि महाराजगंज कस्बे में ही सौ से अधिक मकान ऐसे बने हुए हैं, जो पीडब्ल्यूडी विभाग के मानक के विरुद्ध हैं।पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अनुपम कुमार ने बताया कि मुख्य बिंदु से 60 फीट एक तरफ और 60 फीट एक तरफ सड़क क्षेत्र में है। कुल 120 फीट के अंदर के जो भी निर्माण हैं, अवैध हैं।

## मालदीव में वित्तीय संकट गहराया

माले। पड़ोसी देश मालदीव भारत से पंगा लेने के बाद गहरे वित्तीय संकट में आ गया है। हालांकि इस बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने नई दिल्ली आकर पीएम मोदी से मुलाकात करके डैमेज कंट्रोल करने और भारत से रिश्ते सुधारने की पहल शुरू कर दी है। बावजूद अभी मालदीव का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा। लिहाजा अब डॉलर संकट से जूझ रहे मालदीव ने एक नया विदेशी मुद्रा विनियमन लागू किया है। इसके तहत विदेशी मुद्रा में लेन-देन के प्रकार को सीमित किया गया है और पर्यटन प्रतिष्ठानों और बैंकों पर अनिवार्य विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण लगाया गया है।बता दें कि पिछले साल राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के च्इंडिया आउटज् अभियान के जवाब में भारतीय पर्यटकों से इस खूबसूरत द्वीपीय देश से दूर रहने के आह्वान के बाद मालदीव की अर्थव्यवस्था को झटका लगा है। पिछले महीने मालदीव इस्लामिक बॉन्ड भुगतान में संभावित चूक से बच गया, क्योंकि भारत ने उसे पांच करोड़ डॉलर का ब्याज मुक्त ऋण दिया था।

# एडीएचडी की चपेट में हर चार में से एक युवा एक ऐसा राज जिससे उड़ जाएंगे होश



ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी वेक्सनर मेडिकल सेंटर और कॉलेज ऑफ मेडिसिन की एक नई स्टडी में खुलासा हुआ है कि करीब 25प्रतिशत एडल्ट्स में एडीएचडी हो रही है, मतलब हर चार में एक युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं. यानी अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है लेकिन आजकल एडल्ट्स भी इसकी चपेट में आ रहे हैं. यह एक ऐसा मेंटल डिसऑर्डर है, जिसमें दिमाग का ग्रोथ सामान्य इंसान की तुलना में धीरे या ठीक से नहीं होता है. इस डिसऑर्डर में युवाओं को किसी चीज पर फोकस करने में कठिनाई और बेचैनी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी वेक्सनर मेडिकल सेंटर और कॉलेज ऑफ मेडिसिन की एक नई स्टडी में खुलासा हुआ है कि करीब 25प्रतिशत एडल्ट्स में एडीएचडी हो रही है, मतलब हर चार में एक युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं. 18 से 44 साल की उम्र के 4.4प्रतिशत लोगों को एडीएचडी हैं. ऐसे में जानिए यह बीमारी क्या है और युवाओं को क्यों शिकार बना रही है...

**एडल्ट्स में एडीएचडीका कारण**

1. सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा इस्तेमाल
2. जेनेटिक कारण
3. ब्रेन की बनावट
4. प्रेगनेंसी में धूम्रपान, शराब का सेवन, चिंता तनाव,
5. डिलीवरी के समय ऑक्सीजन की कमी,

बच्चों का बहुत ज्यादा टीवी-मोबाइल देखना

6. प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय कारण
7. हेल्दी न्यूट्रिशन और डाइट
8. मानसिक तनाव
9. नींद की कमी
10. फिजिकल एक्टिविटीज की कमी
11. फैमिली हिस्ट्री

एडल्ट्स म एडीएचडी के लक्षण

1. काम से बार-बार ध्यान हटना, किसी चीज पर फोकस न कर पाना.
2. कुछ मामलों में मरीज काम पर ज्यादा ही फोकस करने पर कुछ गलती न हो जाए, जरूरी जानकारी न छूट जाए, इसका डर लगना.
3. भूलने की समस्या
4. बातचीत के बीच में ज्यादा टोकना या बोलना, किसी बात पर एकदम से रिएक्शन
5. खुद को लेकर निगेटिव सोच रखना
6. मैनेजमेंट स्किल्स का अच्छा न होना, कोई सामान कहीं रखकर भूल जाना, कमरे, घर या डेस्क को सही तरह न रख पाना
7. टाइम मैनेज न कर पाना
8. एंग्जाइटी, दिमाग का शांत न रहना, हमेशा चिढ़चिढ़ापन और मूड खराब रहना
9. 2013 की एक स्टडी के अनुसार, एडीएचडी के मरीज अपनी फिजिकल हेल्थ और खानपान पर सही तरह ध्यान नहीं दे पाते हैं, दवा भी सही तरह नहीं ले पाते हैं.
10. 2014 की एक रिसर्च के मुताबिक, शराब, तंबाकू और ड्रग्स से यह बीमारी नहीं होती है लेकिन इसकी वजह से इनकी आदतें जल्दी फंस जाते हैं.

एडीएचडी का इलाज क्या है

1. कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर के पास जाएं.
2. एडीएचडी माइल्ड होने पर कॉगनिटिव बिहेविरियल थैरेपी डॉक्टर देते हैं.
3. स्ट्रेस मैनेज करने की कोशिश करें, योग-मेडिटेशन करें.
4. पोषक तत्वों से भरपूर चीजें लें.
5. समय पर सोने और उठने की कोशिश करें, नींद पूरी करें.

# जुकाम होने पर आपको भी नहीं देता सुनाई? खौफनाक बीमारी की चपेट में हैं आप

2021 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि शोरगुल वाले वातावरण में भाषण सुनने में परेशानी वाले लोगों में डिमेंशिया का जोखिम अधिक था. सुनना एक ऐसा कौशल है जिसे हममें से ज़्यादातर लोग हल्के में लेते हैं. लेकिन शोध बताते हैं कि वयस्कों को अपनी सुनने की क्षमता में होने वाले बदलावों पर ध्यान देना चाहिए. क्योंकि सुनने की समस्याएं बड़ी उम्र में डिमेंशिया विकसित होने से जुड़ी हो सकती हैं. 60 साल से अधिक उम्र के 80,000 से अधिक वयस्कों पर साल 2021 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि शोरगुल वाले वातावरण में भाषण सुनने में परेशानी वाले लोगों में डिमेंशिया का जोखिम अधिक था. जोकि मेमोरी लॉस और भाषा और अन्य सोच कौशल में कठिनाई की विशेषता वाली स्थितियों के लिए एक व्यापक शब्द है. लेकिन इसका एक सकारात्मक पहलू भी है. अध्ययन ने इस बात के सबूत जोड़े कि सुनने की समस्याएं न केवल डिमेंशिया का लक्षण हो सकती हैं, बल्कि वास्तव में डिमेंशिया का एक जोखिम कारक हो सकती हैं. जो किसी भी गिरावट के शुरू होने से पहले लोगों, उनके परिवारों या डॉक्टरों को इसके शुरू होने के बारे में सचेत कर सकती हैं. जुलाई साल 2021 में ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय के महामारी विज्ञानी और अध्ययन लेखक थॉमस लिटिलजॉन्स ने कहा,श्रवण हानि और क्या इससे डिमेंशिया का जोखिम बढ़ सकता है, इस बारे में विशेष रुचि रही है. ये परिणाम बताते हैं कि शोर में भाषण सुनने की हानि डिमेंशिया की रोकथाम के लिए एक आशाजनक लक्ष्य हो सकती है

डिमेंशिया के 9 प्रमुख कारण हो सकते हैं

2017 में, धूम्रपान और शारीरिक निष्क्रियता के साथ श्रवण हानि को डिमेंशिया के नौ प्रमुख, परिवर्तनीय जोखिम कारकों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया था. लैंसेट की उस ऐतिहासिक रिपोर्ट को 2020 में जल्द ही अपडेट कर दिया गया था. जिसमें तीन और जोखिम कारक शामिल किए गए, जिससे कुल जोखिम कारक 12 हो गए 2024 में, लैंसेट रिपोर्ट के तीसरे अपडेट में दो और जोड़े गए, जिससे कुल जोखिम कारक 14 हो गए.ये जोखिम कारक हमारी जीवनशैली और सामान्य स्वास्थ्य के ऐसे तत्व हैं जिन्हें सुधारा जा सकता है, और अगर ऐसा किया जाता है, तो यह हमारे समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकता है और स्वास्थ्य स्थितियों की संभावना को कम कर सकता है.

इसकी जांच करने के लिए, इस अध्ययन के पीछे ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक का सहारा लिया, जो एक शोध डेटाबेस है जो यूके की आबादी के एक बड़े हिस्से में आनुवंशिकी, पर्यावरणीय कारकों और स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को जानने के लिए स्थापित किया गया है. 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के 82,000 से अधिक महिलाओं और पुरुषों के समूह के लिए मनोभ्रंश जोखिम का विश्लेषण किया गया, जो मनोभ्रंश से मुक्त थे और अध्ययन की शुरुआत में उनकी सुनने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया था.

मेमोरी लॉस इस स्थिति में 5 गुना बढ़ जाती है

लैंसेट की रिपोर्टों में यह अनुमान लगाया गया है कि मनोभ्रंश के जोखिम कारकों में, श्रवण हानि का बोझ सबसे अधिक हो सकता है - इस प्रकार कि मध्य आयु में श्रवण हानि से पीड़ति लोगों में मनोभ्रंश विकसित होने की संभावना पांच गुना अधिक होती है. प्रतिभागियों की वाणी-में-शोर सुनने की क्षमता का परीक्षण किया गया. जो शोर भरे वातावरण में भाषण के अंशों को पहचानने की क्षमता है - इस मामले में, सफेद पृष्ठभूमि शोर के विरुद्ध बोले गए अंकों को पहचानना. लगभग 11 साल के बाद, स्वास्थ्य रिकॉर्ड के आधार पर 1,285 प्रतिभागियों में मनोभ्रंश विकसित हो गया था. जिन प्रतिभागियों की सुनने की क्षमता खराब थी, उनमें अच्छी सुनने की क्षमता वाले लोगों की तुलना में मनोभ्रंश विकसित होने का जोखिम लगभग दोगुना था. दिलचस्प बात यह है कि अध्ययन में शामिल लगभग आधे लोग जिनकी वाणी-में-शोर सुनने की क्षमता अपर्याप्त थी और लगभग 42 प्रतिशत जिन्होंने परीक्षण में खराब प्रदर्शन किया, उन्हें रिपोर्ट करने के लिए कहने पर सुनने में कोई कमी महसूस नहीं हुई. शोधकर्ताओं ने यह भी विचार किया कि क्या लोगों की सुनने की क्षमता में कमी वास्तव में अन्य कारकों से जुड़ी हुई थी, जो मनोभ्रंश के जोखिम को प्रभावित करने के लिए जाने जाते हैं, जैसे कि सामाजिक अलगाव और अवसाद, जो दोनों ही तब हो सकते हैं जब लोगों को सुनने में परेशानी होती है.

# शॉवरहेड और टूथब्रश पर होते हैं इतने वायरस, उड़ जाएंगे होश!



'अमेरिका में नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी' के रिसर्चर ने पाया है कि हमारे शॉवर के सिर और हमारे मुंह में डाले जाने वाले ब्रश के ब्रिसल्स पर कई खतरनाक बैक्टीरिया होते हैं. कुछ का पता तो लगाया जा चुका लेकिन कुछ का पता लगाना अभी बाकी है. साइंस के लिए कुछ बैक्टीरिया तो बिल्कुल नए हैं जिसका पता अभी चला है इससे पहले साइंटिस्ट को ठीक से इस बैक्टीरिया के बारे में पता तक नहीं था. यह सभी ऐसी बैक्टीरिया है जिसके बारे में आप जान जाएंगे तो आप टूथब्रश फेंकने और शॉवर साफ करने के लिए बाथरूम में दौड़ पड़ेंगे. लेकिन दूसरी तरफ यह भी है कि इन चीजों में मौजूद बैक्टीरिया हमारे स्वास्थ्य के लिए उतनी भी बुरी नहीं है. इस वजह से डॉक्टर अक्सर ब्रश बदलने की देते हैं सलाह टूथब्रश के ब्रिसल्स पर कई खतरनाक बैक्टीरिया होते हैं. जिसके कारण अक्सर डेंटिस्ट उन्हें बदलने की सलाह देते हैं. साथ ही साथ बाथरूम साफ रखने की भी अक्सर सलाह दी जाती है ताकि उसमें किसी भी तरह की खतरनाक बैक्टीरिया न पनपे. यह जानना बेहद जरूरी है कि बैक्टीरिया लगभग हर सतह पर छिपे हुए हैं जिसे हम देख सकते हैं. सतहों पर चिपके वायरस के बारे में साइंटिस्ट को भी ज्यादा जानकारी नहीं है. अमेरिका में शोधकर्ताओं द्वारा शॉवर हेड और टूथब्रश पर बैक्टीरिया का विश्लेषण करने के बाद ही एक अन्य टीम ने जिसमें कुछ लेखक भी शामिल थे. उन्होंने बैक्टीरिया और वायरस पर खुलकर बात की है. बाथरूम भी साफ करना इसलिए है जरूरी हमें कई ऐसे वायरस मिले जिनके बारे में हम बहुत कम जानते हैं और कई ऐसे वायरस जिन्हें हमने पहले कभी नहीं देखा. यह आश्चर्यजनक है कि हमारे चारों ओर कितनी अप्रयुक्त जैव विविधता है. नॉर्थवेस्टर्न की माइक्रोबायोलॉजिस्ट एरिका हार्टमैन कहती हैं. जब 'हार्टमैन कोलोराडो विश्वविद्यालय' ने बोल्डर में थीं. तब उन्हें और उनके सहकर्मियों को सबसे पहले टूथब्रश पर मौजूद सूक्ष्मजीवों का अध्ययन करने का विचार आया. उन्होंने लोगों से यह चिंता सुनी थी कि शौचालय को फ्लश करने से हमारे बाथरूम के आसपास हानिकारक रोगाणु फैल रहे हैं. उन्होंने जो छोटा सा अध्ययन किया उसमें पाया गया कि औसत टूथब्रश पर मौजूद बैक्टीरिया हमारे मुंह में मौजूद सूक्ष्मजीवों को दर्शाते हैं. हमारे शौचालयों को नहीं.

# थायराइड : इस मसाले का पानी खाली पेट रोजाना पिएं, तुरंत मिलेगा आराम

मेथी के बीज मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए मददगार हो सकते हैं. बीजों में फाइबर और अन्य रसायन होते हैं जो पाचन और शरीर द्वारा कार्बोहाइड्रेट और चीनी के अवशोषण को धीमा कर सकते हैं.

मेथी के बीज मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए मददगार हो सकते हैं. बीजों में फाइबर और अन्य रसायन होते हैं जो पाचन और शरीर द्वारा कार्बोहाइड्रेट और चीनी के अवशोषण को धीमा कर सकते हैं. बीज शरीर द्वारा चीनी के उपयोग के तरीके को बेहतर बनाने और इंसुलिन की मात्रा को बढ़ाने में भी मदद कर सकते हैं.

मेथी क्या है?

मेथी एक पौधा है जो यूरोप और पश्चिमी एशिया के कुछ हिस्सों में उगता है. इसकी पत्तियां खाने योग्य होती हैं. लेकिन इसके छोटे भूरे बीज दवा में इस्तेमाल के लिए मशहूर हैं.मेथी का पहला रिकॉर्ड किया गया उपयोग मिस्र में 1500 ईसा पूर्व में हुआ था। मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में, इसके बीजों का पारंपरिक रूप से मसाले और दवा दोनों के रूप में इस्तेमाल किया जाता था.

मेथी और मधुमेह

मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए मेथी के बीज मददगार हो सकते हैं. बीजों में फाइबर और अन्य रसायन होते हैं जो पाचन और शरीर द्वारा कार्बोहाइड्रेट और चीनी के अवशोषण को धीमा कर सकते हैं. बीज शरीर द्वारा चीनी के उपयोग को बेहतर बनाने और इंसुलिन की मात्रा बढ़ाने में भी मदद कर सकते हैं. कुछ अध्ययनों ने कुछ स्थितियों के लिए मेथी को एक प्रभावी उपचार के रूप में समर्थन दिया है. इनमें से कई अध्ययन मधुमेह से पीड़ित लोगों में रक्त शर्करा को कम करने की बीज की क्षमता पर ध्यान केंद्रित करते हैं.

2009 में किए गए एक छोटे से अध्ययन में पाया गया कि गर्म पानी में भिगोए गए मेथी के बीजों की 10 ग्राम की दैनिक खुराक टाइप 2 मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है. 2009 में किए गए एक अन्य बहुत छोटे अध्ययन में पाया गया कि मेथी के आटे से बनी ब्रेड जैसे बेक्ड सामान खाने से टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों में इंसुलिन प्रतिरोध कम हो सकता है.

# हड्डियों और उसके जोड़ों को रखना चाहते हैं मजबूत?



तो फिट रहने के लिए अपनाएं यह खास तरीका

जब किसी व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य की बात आती है तो हड्डियां और जोड़ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. जैसे-जैसे व्यक्ति की उम्र बढ़ती है. हड्डियां घनत्व खो देती हैं और कमज़ोर हो जाती हैं जिससे ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा बढ़ जाता है. इसलिए, यह व्यक्ति की गति और गतिशीलता को प्रभावित कर सकता है. इसके अलावा खराब खान-पान और व्यायाम की कमी सहित एक गतिहीन जीवनशैली भी व्यक्ति की हड्डियों और जोड़ों पर भारी पड़ सकती है. गठिया से जोड़ों में दर्द, सूजन और सूजन हो सकती है और व्यक्ति जोड़ों में अकड़न और कोमलता का अनुभव कर सकता है. जब हड्डी और जोड़ों के दर्द को प्रबंधित करने की बात आती है तो समय पर हस्तक्षेप करना अनिवार्य होगा.

कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर लें-हड्डियों को मजबूत रखने के लिए आप हरी पत्तेदार सब्जियों, डेयरी उत्पादों और दूध से कैल्शियम प्राप्त कर सकते हैं. अंडे, मशरूम और दूध और अनाज जैसे फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ विटामिन डी से भरपूर होते हैं. जो हड्डियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं. अगर ज़रूरत हो तो डॉक्टर आपको कैल्शियम और विटामिन डी सप्लीमेंट लेने की सलाह भी देंगे. साथ ही, पोषण संबंधी स्थिति और समग्र स्वास्थ्य जानने के लिए नियमित रूप से कैल्शियम और विटामिन डी टेस्ट करवाएं. छश्वङ्क बोन डेंसिटी हड्डियों के स्वास्थ्य और ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम का आकलन करने में मदद करेगा.

रोज़ाना एक्सरसाइज करें-नियमित व्यायाम हड्डियों और जोड़ों को मज़बूत बनाने में मदद करेगा. याद रखें, चलना, दौड़ना और सीढ़ियाँ चढ़ना या स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जैसी गतिविधियाँ ऑस्टियोपोरोसिस की संभावना को कम कर सकती हैं और गठिया के दर्द को कम करने में भी मदद करेंगी. स्ट्रेचिंग और बैलेंसिंग एक्सरसाइज़ लचीलेपन और चपलता को बेहतर बनाने और गिरने से बचाने में मदद करेंगी. जोड़ों के दर्द को कम करने के लिए तैराकी और साइकिल चलाना भी अच्छा है. फिटनेस ट्रेनर के मार्गदर्शन में सप्ताह में कम से कम पांच दिन 30 मिनट तक व्यायाम करना और कोई भी कठोर गतिविधि करने से बचना समय की मांग है.

बैठते समय सही वज़न और सही मुद्रा सुनिश्चित करें-ज़्यादा वज़न या मोटापे से जोड़ों पर दबाव पड़ता है. मोटापे से जोड़ों में मौजूद कार्टिलेज कमज़ोर हो सकता है और गठिया, दर्द और चोट लग सकती है जो आपको मुश्किल समय दे सकती है. पौष्टिक आहार खाकर और रोज़ाना व्यायाम करके स्वस्थ वज़न बनाए रखना बेहतर है. साथ ही, बैठते समय सही मुद्रा बनाए रखें और झुकने से बचें जिससे पीठ और गर्दन में दर्द हो सकता है। काम के दौरान लंबे समय तक न बैठें और समय-समय पर स्ट्रेचिंग या वॉक करें.

धूम्रपान और शराब पीना छोड़ें-ये आदतें ऑस्टियोआर्थराइटिस (ह्र) और रुमेटीइड गठिया (क्र) दोनों के विकसित होने के जोखिम को बढ़ाती हैं और जोड़ों में दर्द का कारण बनती हैं. धूम्रपान से शरीर में सूजन और कार्टिलेज का नुकसान होगा.

# चेस्ट पेन को ही हार्ट अटैक के लक्षण समझने की न करें भूल, इन अंगों में भी हो सकता है दर्द

दिल हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है. जब तक यह धड़क रहा है, तब तक हम जिंदा हैं, इसलिए इसका ख्याल रखना सबसे जरूरी होता है. आजकल खराब लाइफस्टाइल और भागदौड़ की वजह से दिल बीमार होने लगता है. बुजुर्ग ही नहीं युवाओं में भी हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ रहा है. पिछले कुछ सालों में युवाओं में हार्ट अटैक के रिस्क काफी ज्यादा बढ़े हैं. हार्ट अटैक आने से पहले अक्सर शरीर कुछ संकेत देते हैं. हालांकि, ज्यादातर लोग इन लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं. हार्ट अटैक के सबसे आम लक्षण में से एक है छाती में दर्द लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनके अलावा भी कई अंगों में दर्द हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं. अगर नहीं तो चलिए जानते हैं...

कंधे और हाथ में दर्द हार्ट अटैक के लक्षण

हार्ट अटैक के दौरान, कंधे और हाथ में दर्द होना बहुत आम है. यह दर्द अक्सर बाएं कंधे और हाथ में होता है. हालांकि, दोनों तरफ भी दर्द हो सकता है. इस दर्द का कारण हार्ट की धमनियों में रुकावट होना है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बाधित होता है.

इन अंगों में दर्द भी हार्ट अटैक के संकेत

गर्दन पीठ पेट जांघ कमर

हार्ट अटैक के अन्य लक्षण



1. सांस लेने में परेशानी- हार्ट अटैक आने पर घबराहट महसूस होती है. जिससे सांस फूलने लगती है या सांस लेने में दिक्कत हो सकती है. ऐसा होने पर तुरंत मरीज को डॉक्टर के पास लेकर जाना चाहिए, क्योंकि जरा सी भी देर जानलेवा हो सकती है.
2. चक्कर आना- कई बार साइलेंट हार्ट अटैक भी आ सकता है. यह इतना चुपके से आता है कि किसी को भनक तक नहीं लगती है. इसके हल्के लक्षणों में कई बार चक्कर आना या असहज महसूस हो सकता है, इसे इग्नोर नहीं करना चाहिए.
3. उल्टी आना- हार्ट अटैक से पहले कई बार जी मिचलाना और उल्टी जैसा महसूस हो सकता है. कुछ मरीजों के पेट में तो ऐंठन भी हो सकती है. इसका कारण पेट और हार्ट की नसों का जुड़ाव है. ऐसी समस्या होने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए.
4. पसीना आना- हार्ट अटैक से पहले कई बार बहुत ज्यादा और तेज पसीना निकलने लगता है.बिना कुछ किए और एक जगह बैठे रहने पर भई ये समस्या हो सकती है, इसे हल्के में लेने की भूल नहीं करनी चाहिए और तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए.
5. थकान महसूस होना- हार्ट अटैक के लक्षणों में एक थकान होना भी है. कई बार अचानक से बहुत ज्यादा थकान महसूस हो या शरीर कांपने लग जाए तो तुरंत सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि ये हार्ट अटैक के संकेत हो सकते हैं.

हार्ट अटैक से से कैसे बचें

रेगुलर एक्सरसाइज करें. हेल्दी डाइट लें. धूम्रपान और शराब से बचें तनाव कम करें नियमित तौर जांच करवाएं हार्ट अटैक के लक्षण दिखने पर डॉक्टर के पास जाएं.






# श्री जलाराम मंदिर में करवा चौथ व्रत की बिखरी छटा

राजनंदगांव (दावा)। आज अश्विनी मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को शहर सहित अंचल भर में सुहागन महिलाओं द्वारा करवा चौथ का पूजन धूमधाम के साथ किया गया। इस दौरान सौभाग्यवती महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु व स्वस्थ जीवन के लिए करवा चौथ का कठिन व्रत रखकर भगवान चंद्र देव की पूजा की और चलनी में चंद्र देव सहित अपने प्यारे पति के मुखड़े का दीदार कर व्रत का समापन किया। इस दौरान व्रती महिलाओं ने अपने पति के हाथों मिट्टी के बने करवा गडुवे से दूध मिश्रित जल ग्रहण किया व अपने पति व घर के बड़े- बुजुर्गों के चरण छूकर आशीर्वाद ग्रहण की और खुशी-खुशी व्रत का समापन किया।

बता दें कि अपने पति की दीर्घायु हेतु करवा चौथ का कठिन व्रत रखने वाली महिलाओं को अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद तो मिला ही साथ ही पति देव सहित घर-परिवार के लोगों ने उन्हें उपहार भी दिया गया। इससे महिलाओं के चेहरे में प्रसन्नता बनी रही।

अश्विनी माह के कृष्ण पक्ष की चौथ तिथि को शहर के कैलाश नगर स्थित श्री जलाराम मंदिर में महिलाओं के द्वारा करवा चौथ की पूजा की गई। महिलाओं द्वारा इस दौरान थाली सजाकर भगवान का नाम लेकर भजन कीर्तन का गान किया गया। इससे मंदिर का माहौल धर्ममय बना रहा और करवा चौथ की खुशियां चारो ओर बिखरी रही है महिलाओं ने करवा चौथ का

- सौभाग्यवती स्त्रियों ने मंदिर में की करवा चौथ की पूजा
- भजन-पूजन का बना रहा माहौल, आसमान में चांद देखकर ही व्रत का किया समापन

उपवास चांद देखकर ही तोड़ा। आज करवा चौथ के दिन मौसम में अचानक आए परिवर्तन से बारिश -पानी की स्थिति बनी रही। चार- पांच बजे के करीब बारिश होना शुरू हो गया। इससे बाहर निकले लोगों को परेशानी हुई। लोग बारिश में भीगने से बचने के लिए इधर- उधर सिर छूपाने जगह तलाश करते देखे गए। आसमान में काली घटा छाई रहने से करवा चौथ के पूजन के लिए चंद्रमा का दर्शन देर समय बाद हो पाया। इसके लिए व्रती महिलाओं की इंतजार करना पड़ा। चंद्र देव के दर्शन उपरांत ही अपने पति के चांद से मुखड़े का दीदार कर व्रत का खुशी खुशी समापन किया गया।

### महिलाओं ने की थी खास तैयारी

बता दें कि करवा चौथ महिलाओं के लिए सबसे बड़ा पर्व है। इसके लिए महिलाओं द्वारा खास तैयारियां की गई थी। बाजार से करवा चौथ व्रत में उपयोग में आने वाले पूजा सामान सहित मिट्टी के बने आकर्षक करवा गड़ूए, चंद्रमा और अपने पति देव का दर्शन करने के लिए धातु से बने चलनी व सौंदर्य प्रसाधन से संबंधित चीजों सहित नए वस्त्राभूषणों की जमकर खरीदी की गई। इससे शहर का बाजार गुलजार बना रहा।घर- परिवार की महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का कठिन व्रत रखने व मां गौरी सहित चंद्र देव की पूजा-अर्चना होने पर घर में खुशियों का माहौल बना रहा।

# करवा चौथ पर उजड़ा मांग का सिंदूर, एसपी का वाहन चालक चढ़ा सड़क हादसे की भेंट

**टोल नाका बचाने और कारवाई से बचने के चलते बढ़ रहा दबाव, दर्जनों हादसों के बाद भी विभाग बेखबर**



खैरागढ़ (दावा)। राजमार्ग मे सडक़ हादसो मे ब्रेक नहीं लग पा रहा है। रविवार 20 अक्टूबर को दोपहर दो बजे के आसपास सिंगारपुर में दर्दनाक सडक़ हादसे में बाइक सवार की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे मे बाइक के दो टुकड़ो हो गई। वही मृतक की पहचान ओमकार सिंह धुर्वे पिता चैतराम धुर्वे निवासी ग्राम सांकरी थाना जगल गातापार के रूप में हुई है। जो बीते सात आठ महीनों से खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले के एसपी का वाहन चला रहा था।

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरक्षक ओमकार धुर्वे अपनी साइड में मोटरसाइकिल चला रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना बाद ट्रक चालक वाहन छोडक़र मौके पर से फरार हो गया। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित पुलिस को घटना स्थल पर भेजा।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 2013 में पुलिस विभाग में एमटी आरक्षक के रूप में पदस्थ ओमकार धुर्वे को दो साल पहले ही नए जिले मे ट्रांसफर होकर आया था और एसडीओपी का वाहन चला रहा था। लगभग आठ महीने पहले की एसपी की गाड़ी चलाने का अवसर मिला था। रविवार अवकाश और करवा चौथ का व्रत होने के कारण राजनांदगॉव में पाताल भैरवी मंदिर के पास किराए के मकान में निवासरत पत्नि और बच्चों से मिलने दोपहर को पल्सर बाइक क्रमांक सीजी-08/4984 से राजनांदगॉव जा रहा था। लेकिन सिंगारपुर गॉव में साइड पर गाड़ी चलाने के बावजूद तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट मे ले लिया। ठेलकाडीह थाने मे अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है,जबकि देर शाम ओंमकार धुर्वे का शव पीएम बाद परिजनो को सौंपा गया। सोमवार 21 अक्टूबर की सुबह गृहग्राम सांकरी थाना जंगल गातापार मे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

खैरागढ़ से राजनांदगांव रोड पर लगातार हो रहे हादसे ने लोगों को दहशत में डाल दिया है, कई बार इस रोड पर बढ़ते ट्रैफिक के दबाव और दुर्घटनाओं को लेकर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है। लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसके चलते सडक़ हादसो की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दो दिन पहले ही इसी रोड पर पेंड्रीकला मे शाम 6 बजे के आसपास ट्रक की ठोकर से बढ़ईटोला निवासी तारन धुर्वे की दर्दनाक मौत हो गई थी और सडक़ से खून के धब्बे अच्छे तरीके से मिटे ही नही है कि पेंड्रीकला से महज दस किमी आगे सिंगारपुर मे सिपाही की मौत हो गई।

हादसों को लेकर बताया जाता है कि इन दिनों राजधानी आने जाने टोल नाका बचाने या और किसी कारण से के लिए ज्यादातर बड़े बड़े ट्रक चालक शहर के ईतवारी बाजार होकर धमधा रोड का उपयोग करते है। जिसके चलते राजमार्ग सहित अंदरूनी सडक़ो में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है और लगातार हादसो से जान माल का नुकसान हो रहा है।

# आज से दस्तावेज लेखक व स्टाम्प विक्रेता करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**मामला संपत्ति के क्रय- विक्रय की रजिस्ट्री के लिए लाए जा रहे नियम**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर संघ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उन्हें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना दी गई है।शहर के दस्तावेज लेखक व स्टाम्प विक्रेता आज सोमवार 21 तारीख को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इस संबंध में संघ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के पीछे मामला अंचल संपत्ति के क्रय-विक्रय की रजिस्ट्री के लिए लाए जा रहे नए नियम को बताया जा रहा है। संघ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौपे जाने के साथ-साथ जिला पंजीयक, एसडीएम ,दोनों उप पंजीयक व सिटी कोतवाली सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष/ सचिव को भी प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि स्थानीय पंजीयन कार्यालय में वर्षों से दस्तावेज लेखन व स्टाम्प विक्रय का कार्य करते आ रहे हैं। लेकिन अंचल संपत्ति के क्रय-विक्रय की रजिस्ट्री के लिए लाए जा रहे न ए नियम से उनका कार्य प्रभावित हो सकता है। उनकी रोजी-रोटी पर लात पड़ सकती है। दस्तावेज लेखक व स्टांप विक्रेता इस नए नियम से पूरी तरह बेरोजगार हो सकते हैं। इससे न केवल वे सभी रोजगार विहिन हो जाएंगे,, उनके घर परिवार के भरण पोषण का जरिया समाप्त हो जाएगा। जिसके विरोध में प्रदेश दस्तावेज लेखक व स्टांप वेडर संघ द्वारा आज 21 अक्टूबर शासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडर संघ तहसील कार्यालय के जिला अध्यक्ष हेमंत साहू ने बताया कि विभिन्न समाचार पत्रों से ज्ञात हो रहा है कि आगामी दिनों में एक एप विशेष के माध्यम से शासन द्वारा पेपर लेंस, फेस लेंस, रजिस्ट्री कराने की तैयारी की जा रही है। जिससे कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपनी रजिस्ट्री करा सकेगा।इस नए नियम के चलते किसी भी व्यक्ति को रजिस्ट्री कराने के लिए दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प वेंडरों के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। इससे दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर पूरी तरह बेरोजगार हो जाएंगे। शासन के उक्त नियम का पूरजोर विरोध किया जाएगा। इस नए नियम के खिलाफ आज सोमवार से दस्तावेज लेखक व स्टाम्प विक्रेता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

# खूबचंद पारख एवं मधुसूदन यादव को प्रमुख जवाबदारी मिलने पर भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया




**राजनंदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉक्टर के. लक्ष्मण ने राजनांदगांव के वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख को प्रदेश चुनाव अधिकारी और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को सह चुनाव प्रभारी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश स्तर पर राजनांदगांव के दो नेताओं को महत्वपूर्ण जवाबदारी मिलने पर जिला भाजपा ने हर्ष व्यक्त करते हुए केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व को आभार व्यक्त किया है।**

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि संगठन और सत्ता के तालमेल में खूबचंद पारख एवं मधुसूदन यादव के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए संगठन ने यह अच्छा निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, भरत वर्मा, रामजी भारती, सुरेश एच लाल, जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं राजेंद्र गोलछा, नीलू शर्मा, सावन वर्मा, किशुन यदु, कोमल सिंह राजपूत, कोमल जंघेल, विनोद खांडेकर, योगेश दत्त मिश्रा, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, रोहित चंद्राकर, रघुवीर वाधवा, रवि सिन्हा, मनोज निर्वाणी सहित सभी भाजपा नेताओं ने चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख एवं सह प्रभारी मधुसूदन यादव को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर तक निर्धारित था, जिसे कार्यकर्ताओं के उत्साह के कारण 30 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है, इसके बाद संगठन के सभी प्रकार के मंडल स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के चुनाव संपन्न होंगे, जिसमें श्री खूबचंद पारख एवं मधुसूदन यादव की प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# प्राचार्य नावेलकर ने 5 सालों में लाखों रु. की आर्थिक अनियमितता की, वे संस्था के खिलाफ षडयंत्र कर रहे है - गुजराती शिक्षण संघ

**संस्था ने प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा लगाए गए आरोपों का भी खंडन किया**

राजनांदगांव (दावा)। गुजराती शिक्षण संघ द्वारा संचालित गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य डी.आर. नावेलकर को संस्था ने मानहानि का केस दर्ज किया है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि, श्री नावेलकर ने नैतिकता का त्याग कर जो कूटरचना और दुष्प्रचार किया है, उसका माकूल जवाब संस्था के पास मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्राचार्य डी.आर. नावेलकर शिक्षकों की आड़ लेकर संस्था और शाला का अस्तित्व खत्म करने का षडयंत्र कर रहे हैं।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि, हम सार्वजनिक मंच पर ये बात लाना चाहते हैं कि डी.आर. नावेलकर ने स्कूल संचालन में गंभीर अनियमितताएं की हैं। जिसका जवाब देने से वह बच रहे हैं। अपने कार्यकाल में उन्होंने संस्था की अनुमति के बिना लाखों रुपए की फीस माफ कर संस्था को आर्थिक क्षति पहुंचाई है। जबकि इस शुल्क माफी का कोई लेखा जोखा उनके पास मौजूद नहीं है और न ही दूसरे दस्तावेज सामने रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि, हम बच्चों को शांतिपूर्ण और नैसर्गिक वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के पक्षधर हैं। ताकि वे बेहतर प्रदर्शन करें और परिजनों को भी संतोष हो तथा समाज में आगे चलकर वे बच्चे अपनी जिम्मेदारी की भूमिका का निर्वहन कर सकें। लेकिन प्राचार्य श्री नावेलकर अपने स्वार्थ के लिए बच्चों के मन में खतरनाक बीज बो रहे हैं, शिक्षकों की मर्यादा भी दूषित कर एक गलत उदाहरण पेश कर रहे हैं।

### शिक्षा विभाग ने प्राचार्य को दोषी माना

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि, पार्षद ऋषि शास्त्री की शिकायत पर संस्था के बिना परमिशन के जुलाई 2023 में शिक्षा विभाग की जांच में बच्चों की टीसी थमा देने, उन्हें फेल कर देने की धमकी श्री नावेलकर बच्चों और परिजनों को देते रहे। उन्होंने शुल्क जमा न कर पाने वाले बच्चों को विषयवार अनुत्तीर्ण कर दिया और पूरक परीक्षा परिणाम घोषित किए। इसकी जांच जिला शिक्षा विभाग ने की और प्राचार्य डी.आर. नावेलकर को दोषी ठहराया। शासनादेश, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया और श्री नावेलकर को दोषी बताते हुए उनके खिलाफ विधि सम्मत कठोर कार्रवाई कर दंड अधिरोपित करने की अनुशंसा की गई थी। वे कई महत्वपूर्ण विषयों में इस तरह की कार्यशैली से संस्थान का नाम खराब कर रहे हैं।

### शिक्षक भर्ती में प्राचार्य की मनमानी

गुजराती शिक्षण संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जो निर्णय संस्था की सहमति से लिए जाने थे उस पर भी श्री नावेलकर ने मनमानी की और गंभीर अनियमितताएं बरतीं। उन्होंने अपने कार्यकाल में बगैर संस्था की सहमति और जानकारी के नियम विपरित स्कूल में शिक्षकों की खुद ही भर्ती कर ली। साक्षात्कार और दूसरी प्रक्रियाओं में भी संस्था व शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को भी शामिल नहीं किया गया। उन्होंने शाला को खुद के बिजनेस मॉड्यूल की तर्ज पर चलाया जो कि अस्वीकार्य है। वे अब मिथ्या आरोप लगाकर सिर्फ और सिर्फ संस्था को बदनाम करने की मंशा पाले बैठे हैं।

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि, संस्था पर लगाए गए किसी भी आरोप में सत्यता नहीं हैं। प्राचार्य श्री नावेलकर लगातार संस्थान की छवि खराब करने, शिक्षकों की आड़ लेकर विवाद खड़ा करने और बच्चों को दुष्प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जो कुछ भी अब तक किया है, संघ ने उसे बर्दाश्त किया। लेकिन आगे ऐसा नहीं किया जा सकता। उनके विरुद्ध कठोर से कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### यूनियन बनाकर स्कूल में कब्जा करने की साजिश

प्राचार्य डी.आर. नावेलकर ने शिक्षकों का गुजराती विद्यालय शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के नाम से यूनियन बनाकर संस्था में कब्जा करने की मंशा पाले हुए है। जबकि आज तक किसी भी प्राईवेट स्कूल में यूनियन नहीं बना है।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि, पिछले दिनों संस्थान में कार्यरत शिक्षकों के साथ डी. आर. नावेलकर ने पीएफ की राशि न दिए जाने और इसमें घोटाले का आरोप लगाया है। जबकि संपूर्ण तथ्यों के साथ ये प्रमाणित है कि संस्थान ने 27 मई 2022 को पीएफ कार्यालय में राशि 21,78,423 रु. की बैंक ड्राफ्ट जमा कर दी गई है। यह राशि शिक्षकों को प्राप्त भी हो रही है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने लिखित रुप से इसे प्रमाणित भी किया है। संस्थान के ऑडिट में भी इसका उल्लेख है। बैलेंस शीट की तकनीकी भाषा जानने वाले किसी भी सीए से इसकी जांच करवाई जा सकती है। श्री नावेलकर और कुछ शिक्षकों ने इस विषय पर मिथ्या आरोप लगाए हैं। शिक्षक श्रीमती अपर्णा श्रीवास्तव के पीएफ खाते में भी राशि जमा हुई है। आरोप लगाने वाले कोई भी शिक्षक अपने पीएफ खाते का स्टेटमेंट क्यूं सामने नहीं रखते। उन्होंने कहा कि, पूर्व अध्यक्ष नाथाभाई रायचा पर गबन का आरोप भी पूर्णतः असत्य है। उन्होंने स्वयं संस्थान के खाते में पूर्व में ही एक लाख 29 हजार रुपए की राशि जमा कर दी थी जिसे लेकर अब श्री नावेलकर नए प्रोपेगेंडा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com